राष्ट्रीय दैनिक

बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

ऋतिक रोशन ने शादी में दुल्हा-...8

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 04 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 133 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

जया प्रदा और आजम खान ने एक दूसरे पर छोड़े व्यंग्य बाण, चुनाव प्रचार में लगा ग्लैमर और एक्शन का तड़का

रामपुर। उत्तर प्रदेश निकाय चुनावों में प्रचार के दौरान पुराने धुरंधर नेता भी एक दूसरे पर खूब निशाना साध रहे हैं। इस कड़ी में यदि रामपुर शहर की बात करें तो वहां जया प्रदा और आजम खान के बीच खूब आरोप प्रत्यारोप देखने को मिला। रामपुर में चुनाव प्रचार के दौरान ग्लैमर और एक्शन का जो तड़का देखने को मिला उससे मतदाताओं को खूब मजा आया। हम आपको बता दें कि फिल्म अभिनेत्री और रामपुर की पूर्व सांसद जया प्रदा ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां पर निशाना साधते हुए कहा है कि वोट डालने तक का अधिकार खो चुके आजम खां अब शिखर से शून्य पर पहुंच गये हैं। वहीं सपा उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित एक जनसभा में पूर्व मंत्री आजम खां ने सरकार पर निशाना साधते हुए तल्ख लहजे में कहा कि वोट देने का अधिकार खत्म हुआ है वोट मांगने का हक अभी खत्म नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि जया प्रदा ने नगरीय निकाय चुनाव में रामपुर नगर पालिका अध्यक्ष पद की भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार मसर्रत मुजीब के पक्ष में नगर में रोड शो

किया और उन्हें वोट देने की अपील की। सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री आजम खां पर अपनी जनसभाओं में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोपों के बारे में संवाददाताओं द्वारा पूछे गये सवाल पर जया प्रदा ने कहा, "आजम खां बौखला गये हैं। उन्हें कोई नहीं सुधार सकता। वह आज हार रहे हैं और हार मानते हुए भी जीतने की उम्मीद करते हैं। वह अब कहां के कद्दावर नेता रह गये हैं, 100 प्रतिशत का नेता अब शून्य पर आ गया है।" उन्होंने कहा, "आजम खां का वोट देने का अधिकार तक नहीं बचा है। मैं उनसे एक ही अपील करती हूं कि वह अब गालियां देना बंद करें और खुद को सुधारने के लिये अपने दिमाग को ठीक करें।" इससे पहले, जया प्रदा ने रामपुर शहर में रोड शो किया और जनता से भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोट की अपील की। इस दौरान रामपुर के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, भाजपा सांसद घनश्याम सिंह लोधी और शहर विधायक आकाश सक्सेना भी मौजूद रहे। दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां ने उत्तर प्रदेश में हो रहे स्थानीय निकाय चुनाव के पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन सपा उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित एक जनसभा में कहा, श्मेरे खिलाफ दर्ज दो मुकदमों में अभी फैसले हुए हैं और सैंकड़ों मुकदमे बाकी हैं। दोनों मुकदमों में जो अधिकतम सजा हो सकती थी, वह मुझे और अब्दुल्ला (आजम खां के बेटे) को हुई और आज इस सभा में आने से पहले तहसील से हम दोनों के नाम हुकुमनामा (आदेश) आया कि आपका वोट देने का हक भी खत्म हो चुका है।श उन्होंने कहा, श्अभी वोट देने का अधिकार खत्म हुआ है, वोट मांगने का हक अभी खत्म नहीं हुआ है।श जया प्रदा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, श्सुना है आज रोड शो हुआ है मोहतरमा का– याद रहे हम हारे नहीं हैं, हम ना 'पार्लियामेंट' (संसद) हारे ना 'असेंबली' (विधानसभा) हारे हैं, देश के चलाने वाले अच्छी तरह जानते हैं, हमें हराया नहीं जा सकता है, इसलिए हमें हटाया गया है।श

कांग्रेस पर जमकर बरसे पीएम मोदी, इस नारे से की रैली की शुरूआत

मुदबिद्री। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक विधानसभा चुनाव

प्रचार के दौरान बुधवार को मुदबिद्री पहुंचे। यहां पर उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस द्वारा सरकार आने पर बजरंग दल को बैन करने के वादे पर पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत बजरंग बली की जय से की। इतना ही नहीं पीएम मोदी ने कांग्रेस रिवर्स गियर वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता कांग्रेस का खौफनाक चेहरा देख रही है। कांग्रेस पर साधा निशानाः पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राज्य की जनता कांग्रेस का खौफनाक चेहरा देख रही है। कर्नाटक में जो लोग अशांति फैलाने के लिए गिरफ्तार होते हैं, कांग्रेस पार्टी उन लोगों के बचाव में मैदान में आ जाती है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ऐसे एंटी नैशनल लोगों पर दर्ज केस वापस लेने के साथ उनको छोड़ भी देती है। उन्होंने कहा कि ऐंटी नैशनल लोगों से चुनाव में मदद लेने वाली पार्टी है। देश में जहां भी लोग प्रगति और शांति चाहते हैं, उनको कांग्रेस सबसे पहले राज्य से बाहर कर देती है। पीएम मोदी ने कहा कि अगर समाज में शांति होती है तो कांग्रेस शांत नहीं रह पाती है।

कांग्रेस देश को कर रही बदनाम- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश की प्रगति कांग्रेस से बर्दाश्त नहीं होती है। इस पार्टी की पूरी राजनीति बांटो और राज करो पर आधारित है। उन्होंने आगे कहा कि देश हमारे सैनिकों का आदर करता है, वह सैनिकों का सम्मान करते हैं। लेकिन कांग्रेस को इस पर रोना आता है। कांग्रेस हमारे सैनिकों को अपमानित करती है और वरिष्ठ सैनिकों को गालियां देने का काम करती है। भारत में लोकतंत्र और डिवेलपमेंट को देखकर पूरी दुनिया सम्मान दे रही है। लेकिन कांग्रेस पूरी दुनिया में हमारे देश को घूम–घूमकर बदनाम कर रही है।

बजरंग दल के मुद्दे पर शुरू हुई सियासत

आपको बता दें कि कर्नाटक चुनाव में रातों–रात बजरंग दल का मुद्दा अहम बन गया। दरअसल, कांग्रेस ने सरकार बनने पर बजरंग दल जैसे कई संगठनों पर बैन लगाने का वादा किया। जिसके बाद बीजेपी ने कांग्रेस को घेरना शुरू कर दिया। वहीं पीएम मोदी ने भी जनसभा को संबोधित करने से पहले भारत माता की जय और बजरंग बली की जय से की। पीएम मोदी ने कहा कि वह शान्ति और सद्भावना का सन्देश देने वाले सभी मठों, तीर्थंकरों और संतों को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि श्सबका साथ और सबका विकासश के मंत्र के साथ वह आगे बढ़ रहे हैं।

कुछ लोगों ने आजमगढ़ के युवाओं के हाथों में कलम के स्थान पर कट्टा देने का प्रयास कियाः सीएम योगी

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश में निकाय चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज है। सभी दलों के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ भी लगातार धुंआधार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को ब्ड योगी आजमगढ़ में चुनाव प्रचार करने पहुंचे जहां वो माफिया के खिलाफ जमकर गरजे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने भाजपा प्रत्याशियों को जीताने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

एसकेपी इंटर कॉलेज मैदान से चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद जो भी प्रदेश में सरकारें आईं, वह आजमगढ़ के लोगों को श्कलमश के स्थान पर कट्टा देने व तमंचा बनाने का काम किया। लेकिन हमने यहां युवाओं को शिक्षित बनाने के लिए महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री व सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अगर वह अब आजमगढ़ आयेंगे तो विकास के कारण पहचान नहीं पाएंगे। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि आजमगढ़ दुनिया के अंदर कभी अपने तेज और ओजस के लिए जाना जाता था, स्वतंत्र भारत के लिए देश की आजादी के लिए कुंवर वीर सिंह व क्रांतिकारियों के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ भी लड़ाई लड़ी गई। सभी का उद्देश्य था कि देश स्वतंत्र हो और अपनी सत्ता हो और बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ पहुंचाया जाए।

बीजेपी ने कर्नाटक के इंजन को पटरी से उतारा, 10 मई को इसे गति मिलेगीःकांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की

डबल इंजन सरकार से जुड़ी चुनावी मुहिम को लेकर बुधवार को उस पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी ने प्रदेश के इंजन को पिछले 4 वर्षों में पटरी से उतार दिया है जिसे जनता आगामी 10 मई को गति देने जा रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, डबल इंजन क्या है? कर्नाटक राज्य सरकार का 94 प्रतिशत राजस्व प्रदेश के खुद के राजस्व और केंद्र से कर में उसकी हिस्सेदारी से आता है। यह मोदी के आशीर्वाद से नहीं, बल्कि वित्त आयोग के फार्मूले से होता है। उन्होंने दावा किया, आगामी 10 मई को कर्नाटक के इंजन को गति मिलेगी जिसे भाजपा ने पिछले 4 वर्षों में पटरी से उतार दिया है। यह सामाजिक सद्भाव के मिश्रण वाला विकास का इंजन होगा। यह 40 प्रतिशत कमीशन वाला इंजन नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के अन्य शीर्ष नेता कर्नाटक विधानसभा चुनाव के प्रचार में लगातार 'डबल इंजन सरकार' की बात कर रहे हैं और जनता से समर्थन मांग रहे हैं। कर्नाटक विधानसभा की सभी 224 सीटों के लिए आगामी 10 मई को मतदान होगा और 13 मई को मतगणना होगी।

कांग्रेस के घोषणापत्र पर भड़का बजरंग दल

पार्टी मुख्यालय के पास किया विरोध प्रदर्शन, कर्नाटक में लगाए चेतावनी भरे पोस्टर

बंगलुरु। कांग्रेस पार्टी द्वारा बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने

के वादे ने कर्नाटक की राजनीति में हलचल मचा दी है। इसको लेकर भाजपा तो हमलावर है ही, अब इसका असर जमीन पर भी दिखने लगा है। कर्नाटक के चिकमंगलुरु जिले के कई घरों में पोस्टर देखे गए। पोस्टर के अलावा इन घरों पर बजरंग दल का झंडा भी है। पोस्टर में जरिए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को चेतावनी दी गई है कि वे 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए वोट मांगने के लिए इन घरों में एंट्री न करें। पोस्टर में साफ तौर पर लिखा है कि यह बजरंग दल के कार्यकर्ता का घर है।

इतना ही नहीं, इन घरों के पोस्टर पर यह भी लिखा है कि कोई भी कांग्रेसी वोट मांगने के लिए अंदर न आए। इसके बावजूद अगर आप घुसने की कोशिश करेंगे तो कुत्तों को बाहर निकाल दिया जाएगा। बजरंग दल ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस मुख्यालय के पास प्रदर्शन किया और मांग की कि पार्टी कर्नाटक में सत्ता में आने पर संगठन पर प्रतिबंध लगाने के अपने वादे को वापस ले। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के नेताओं ने विरोध प्रदर्शन में कहा कि बजरंग दल "देश का गौरव" है और अगर कांग्रेस ने वादा वापस लेने के लिए अपने कर्नाटक चुनाव घोषणापत्र को नहीं बदला, तो बड़े पैमाने पर देशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को घोषणापत्र जारी किया, जिसमें उसने वादा किया है कि प्रदेश में जाति एवं धर्म के आधार पर 'नफरत फैलाने' के लिए बजरंग दल और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) जैसे संगठनों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। उसका कहना है कि ऐसे संगठनों को प्रतिबंधित करने की कार्रवाई भी हो सकती है।

तेज रफ्तार कार ने बाईक को मारी जोरदार टक्कर बाईक सवार दो लोगों में एक की मौत दूसरा घायल

टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक करीब 10 फीट तक हवा में उछल गए

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। तेज रफ्तार लापरवाही ने ली एक और जान।गोंडा से दर्दनाक हादसे का एक वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि एक कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों युवक करीब 10 फीट तक उछल गए। एक उछल कर कार के पीछे गिरा, जबकि दूसरा कार के की छत पर अटक गया।दोनों को आनन–फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां एक की मौत हो गई है। जबकि दूसरे युवक की हालत नाजुक है। फिलहाल पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। हादसा बुधवार सुबह करीब 8 बजे हुआ है।भोपतपुर से दो युवक मो. नावेद (24) और गुलाम (26) एक ही बाइक से अपने घर वापस जा रहे थे। बुधवार सुबह करीब 8 बजे दोनों गौराचौकी–मसकनवा पर पहुंचे। तभी करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही नेक्सन कार ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक करीब 10 फीट तक हवा में उछल गए। इसके बाद भी कार नहीं रुकी। इसी बीच नावेद कार के पीछे सड़क पर गिर गया और गुलाम कार की छत पर अटक गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने जल्दी से नावेद को चादर पर लिटाया। साथ ही गुलाम को पास ही में पड़ी चारपाई पर लिटा दिया। इसके बाद लोगों ने फिर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को अस्पताल लेकर गई। जहां नावेद की मौत हो गई, जबकि गुलाम का प्ब्न् में इलाज चल रहा है। अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष का बेटा चला रहा था कार पुलिस ने ब्ब्ज्ट से कार चालक की पहचान अपना दल (एस) जिला अध्यक्ष का बेटे प्रिंस पटेल के रूप में की है। हालांकि हादसे के बाद वह कार को छोड़कर मौके से भाग गया। हादसा इतना भयानक था कि बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार का आगे का हिस्सा पिचक गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, मैं सड़क पार करके दूसरी तरफ आया ही था। तभी पीछे टक्कर की जोरदार आवाज आई। मैंने मुड़कर देखा, तो दो युवक कार से टकराकर करीब 10 फीट तक उछल गए थे। उनमें से एक युवक कार पर अटक गया था। दूसरा सड़क पर गिरा पड़ा था। कार की स्पीड काफी ज्यादा थी। वहीं, प्रभारी निरीक्षक सतानंद पांडेय ने बताया कि नावेद नाम के युवक की मौत हो गई है, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। कार चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जाए रहे हैं।

ग्रामीणों ने हिरण की बचाई जान वन विभाग को दी सूचना

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। थाना खरगुपुर के देवरिया कला में बुधवार दोपहर करीब 2 बजे के करीब आधा दर्जन कुत्ते एक हिरण को घेर कर नोच रहे थे। तभी ग्रामीणों द्वारा मिल कर हिरण को कुत्तों के चंगुल से बचा कर प्रधान प्रति निधि प्रेम उपाध्याय के संरक्षण मे कर दिया। प्रधान प्रति निधि ने बताया कि डॉक्टर व वन विभाग को सूचना दे दी गई है डॉक्टर ने आकार हिरण का उपचार किया और चले गए खबर लिखे जाने तक कोई भी वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी नहीं पहुंचे।

हाईस्कूल परीक्षा में 92% नंबर पाकर जनपद का नाम किया रोशन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। विकासखंड पड़री कृपाल अंतर्गत चिलबिला खत्तीपुर (बनकटी गांव) के रहने वाले युवक ने हाईस्कूल परीक्षा में पूर्णांक 600 में 552 नंबर पाकर अपने गुरु व माता–पिता सहित विद्यालय का नाम रोशन किया है। बताते चलें कि चिलबिला खत्तीपुर बनकटी गांव के रहने वाले पंकज कुमार यादव पुत्र विनोद कुमार यादव ने अपने ननिहाल शाहजोत अचलपुरवा कटरा बाजार नाना रामतेज यादव के यहां रहकर भारतीय इंटर कॉलेज कटरा बाजार में पढ़ाई कर हाईस्कूल परीक्षा में पूर्णांक 600 नंबर में 552 नंबर पाकर अपने गुरु व माता–पिता, नाना, नानी सहित ननिहाल तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। जानकारी देते हुए पंकज कुमार यादव ने बताया है कि मेरे अध्यापक रोहित मिश्रा की हम को शिक्षा देने में बड़ी भूमिका रही है और उन्होंने हमेशा आपको आगे बढ़ने का सलाह देते रहे और उनके हर सलाह पर मैंने पढ़ाई किया जिसका परिणाम यह रहा कि हमको हाईस्कूल परीक्षा में 92: नंबर मिला है। माता–पिता गुरुजन व ननिहाल का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

सोनबरसा की छात्राओं ने कक्षा में प्रथम आने पर सहपाठियों का मुंह कराया मीठा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

अलावल देवरिया,गोंडा। मंगलवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम के शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया ने बताया कि वह कुछ जरूरी काम से आफिस में व्यस्त थे। इसी बीच छात्रा कु० शाकिरा बानो व कु० चांदनी यादव दो तीन बार बुलाने आईं कि सर हम लोगों के कमरे में आइए। मैं कुछ समझ न पाया कि किसलिए बुलाया जा रहा है। फिर भी इतना जरूर समझ गया कि बच्चे कुछ अच्छा किए होंगे तभी बुला रहे हैं।

कक्षा में गये तो देखा बच्चों ने मिष्ठान की व्यवस्था कर रखी थी। पूंछने पर पता चला कि शाकिरा बानो और चांदनी यादव ने अपनी कक्षा में प्रथम आने पर अपने सहपाठियों व शिक्षकों का मुंह मीठा कराने की व्यवस्था की है।इस पर शिक्षक ने कहा कि यह व्यवस्था तो स्कूल की तरफ से होनी चाहिए थी। फिर भी तुम सबको बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाएं।

शिक्षिका शताब्दी वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन उस समय और अच्छा लगते हैं। जब ये बच्चे स्वयं के स्तर से तैयारी कर लेते हैं और हम सबको उस समय पता चलता जब सेलीब्रेट करना होता। शिक्षक मन ही मन बच्चों को यह आशीर्वाद दे रहे थे कि बच्चों तुम लोग बहुत आगे जाओगे।

इस अवसर पर शिक्षक राम अनुज, अमर ज्योति शर्मा, सुरेश कुमार, पूनम यादव, अनुराधा मिश्रा, चित्रावती मौर्य, देवेंद्र प्रताप आदि ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री ने जनसभा को किया संबोधित

प्रत्याशी के पक्ष में जनता से मतदान करने के लिए की अपील

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले में होने वाले आगामी दूसरे चरण के निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं इसी क्रम में संत कबीर नगर जिले में जूनियर हाई स्कूल के मैदान में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे अपने प्रत्याशियों को जीत देना लेने के लिए जनता से की अपील उद्बोधान के दौरान मंच से उन्होंने कहा कि संत कबीर के आगमन के पूर्व मगहर के बारे में माना जाता था यहां उसर भूमि है और यह माना जाता था कि मगर के अंदर मृत का मतलब सीधे–सीधा नरक धारणा को बदला संत कबीर ने आज मगर में उनकी महाकविर निर्माण अस्खथली है। डबल इंजन की सरकार ने कबीर निर्माण स्थली को स्वर्ग जैसा बनाकर संत कबीरनगर को बहुमूल्य बनादीया, समाज में सस्ता के मूल्यों की स्थापना की शोध संस्थान को बढ़ावा दीया है आज उसी मगहर मे छह वर्ष पहले बहने वाली नदी आमी नदी की क्या दुर्गति थी आज सुंदर सुसज्जित है। उस समय मे पशु अगर उसका पानी सी लेता तो मृत हो जाती अब स्वच्छ और सुंदर है और निर्मल है केंद्र राज्य सरकार कीऔर प्रदेश सरकार की थी एक जैसी गति है यही कारण सब कुछ संभव हो रहा है 9 वर्ष के भीतर देश में परिवर्तन आपने देखा है आज दुनिया में सम्मान की निगाहों से देखा जाता है देश के अंदर लोगों के अंदर मन में विश्वास हुआ है आज वैश्विक मंच पर स्पीच देने की पावर रखाता है आज प्रतीएक भारतवासी अपने देश पर अपने पर गौरव महसूस करता है ऐसा कहते हैं कि निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री प्रचार के लिए आया है तो जी हां मैं आया हूं इसलिए कि तब डबल इंजन की सरकार जो पैसा दे रही है वह जनता के हित में सही जगह खर्च हो रहा है यह नहीं योजनाओं की अगर सोच ही नहीं होगी तो गरीबों को कहा लाभ देना है क्या करना है किस विकास में नही लगा है तो फिर उस पैसे का बंदर बांट हो जाएगा पैसा तब भी था लेकिन गरीबों को पिछले 6 वर्षों में 54 लाखा आवास गरीबों को दिए है आखिर उसे पहले का पैसा कहां चला गया 70 वर्षों का पैसा कहां गया 70 वर्षों का पैसा कुछ लोगों की जेब में गया है। अन्यथा गरीब के पास उसका नाम मकान होता और हर गरीब के घर में पहले ही शौचालय बन गया होता नगरी जल निकासी की प्रॉपर व्यवस्था हो गई होती उस समय के लोग व्यपारियों श्रंगार मांगते से पैसा मांगती लेकिन आज हां हां किसी व्यापारी से कोई रंगारी और कैसा नहीं मांगता है।

गौरा विधायक ने किया विधिविधान से पूजन कर सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोण्डा। ग्राम सभा अलाउद्दीनपुर गुलरीहवा संपर्क

मार्ग लंबाई 4 किलोमीटर लागत 248 लाख की लागत से मार्ग का शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू कराया। इस अवसर पर गौरा विधायक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस मार्ग के बनने से क्षेत्रवासियों का आवगमन आसान होगा हमारी सरकार सड़क, बिजली पानी, सहित अन्य प्रकार से लोक कल्याण कारी योजनाओ के अंर्तगत संचालित कर देश एवं प्रदेश सहित क्षेत्र का विकास कर रही हैं जिससे हमारा देश प्रदेश एवं क्षेत्र का चउमुखी विकास हो सके। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पप्पू मौर्या, कप्तान श्रीवास्तव, गोमती यादव प्रधान दौलतपुर ग्रांट, धीरेंद्र वर्मा, शौकत अली, दिनेश यादव, शेषधर यादव सेक्टर संयोजक, अनिल राजभर जिला कार्यसमिति सदस्य, राम बाबू मिश्रा, भोगी पांडेय, सहित अधिकांश सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

नगर पंचायत हरैया में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष सहित सभी नेताओं ने गिनाई उपलब्धियां, मांगा सहयोग

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। नगर पंचायत हरैया चुनाव के भाजपा प्रत्याशी नंदलाल गुप्ता के राजघाट स्थित कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष महेश शुक्ला और हरैया विधायक अजय सिंह द्वारा किया गया। प्रत्याशी नंदलाल गुप्ता ने अपने दल बल के साथ अतिथियों का स्वागत किया जिसमें भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम को सांसद हरीश द्विवेदी, विधायक अजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा पवन कसौधन, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक निषाद, अपना दल यस के जिलाध्यक्ष विवेक पटेल सहित तमाम नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया और इस निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत की बात कही। सांसद हरीश द्विवेदी ने प्रत्याशी नंदलाल गुप्ता सहित सभी सभासदों के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए उपस्थित जनसमूह से कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जिस तरह से प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा के पक्ष में मतदान किया है उसी तरह इस निकाय चुनाव में भी ऐतिहासिक वोटों से जितना है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ला ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकारों द्वारा उज्जवला योजना, आवास योजना सहित तमाम योजनाओं का लाभ आप लोगों को मिल रहा है उन्होंने कहा कि यदि नगर पंचायत में भाजपा के उम्मीदवार को आप सभी ऐतिहासिक मतों से जीतकर अध्यक्ष बनाएंगे तो निश्चित है कि नगर पंचायत के विकास की गति कई गुना बढ़ जाएगी। विधायक अजय सिंह ने कहा कि नगर पंचायत के अंतर्गत पिछले 15 सालों में कोई ऐसा काम नहीं हुआ है जो ऐतिहासिक है हमारे सभी वार्ड महापुरुषों के नाम से बनाए गए हैं उसके बावजूद उनके नाम पर कोई काम नहीं हुआ आप लोग ऐतिहासिक वोट से नंदलाल गुप्ता को विजयी बनाएं सिर्फ एक कार्यकाल में नगर पंचायत की तस्वीर बदल जाएगी। इस दौरान योगेंद्र सिंह, श्रीश पाण्डेय, कृष्ण चंद्र सिंह, अनुज गुप्ता, राम सिंगार ओझा, संतोष गुप्ता, गंगाराम चौधरी, राघवेंद्र पाण्डेय, आजाद सोनी, अतुल तिवारी, श्रवण यादव, प्रदीप सिंह, शक्ति दीप पाठक, अरुण सिंह, विजय सिंह, आशीष सिंह मालिक, कृष्ण चन्द्र पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, शिवचरण जायसवाल, नंदकिशोर यादव, अनिल सिंह, राजेश सिंह, रामबख्श सिंह, पंकज सिंह, अमरनाथ शुक्ला, धीरेंद्र गौतम, गिरजा शंकर दूबे, नन्हे यादव, श्रद्धा पाण्डेय, धर्मध्वज सिंह, आशीष श्रीवास्तव, परशुराम वर्मा, फूलचंद्र चौहान, चंद्रावती मौर्या, मनीषा सिंह, सुभावती, गिरजाशंकर, संगीता सोनी, लक्ष्मीना, चंद्र प्रकाश सोनकर, कलावती, राजेश पाण्डेय, शिवप्रसाद सिंह, रामचंद्र चौधरी, अरुण पाण्डेय, आजाद पाण्डेय, पप्पू सिंह, कुंदन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, सचिन गुप्ता, अनंत कृष्ण पाण्डेय, संतोष गौतम, अंशु कुमारी, किरण सिंह, गीता गुप्ता, सुमन सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व लोग मौजूद रहे।

अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोंडा। थाना छपिया पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक के पास अवैध तमंचा व कारतूस बरामद कर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय रवाना कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक छपिया सतानंद पांडेय ने बताया की चौकी इंचार्ज बभनान योगेश प्रताप सिंह हमराही सिपाहियों के साथ गश्त पर थे तभी करनपुर मोड की तरफ एक संदिग्ध युवक दिखाई पड़ा पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम गुरुदेव पुत्र वीरे उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम हनुमानगढ़ी वार्ड नंबर 2 कस्बा थाना हरैया जनपद बस्ती बताया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास के एक अदद अवैध देशी कट्टा 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक छपिया सतानंद पांडेय ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

मतदान कराने में अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध दर्ज कराई जाएगी रिपोर्ट-एसडीएम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला,बलरामपुर। नगर पालिका परिषद उतरौला के निकाय चुनाव में मतदान कराने के पोलिंग पार्टियां तहसील उतरौला से मतदान सामग्री लेकर मतदान केंद्र पर पहुंचने लगी। उनके साथ मतदान सामग्री के साथ मेडिकल किट भी दिया गया है। मतदान सामग्री लेने के लिए मतदान कर्मियों के साथ पुलिस, होमगार्ड व सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। दोपहर तक सभी केन्द्रों की मतदान सामग्री वितरित कर दी गई। एसडीएम उतरौला संतोष कुमार ओझा ने बताया कि मतदान कराने के लिए ड्यूटी पर लगाए गए कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए हैं। अगर वह अपने ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होते हैं तब उनके खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

ट्रिपल इंजन की सरकार से तेज दौड़ेगा विकास का पहिया: पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह

दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज सिद्धार्थनगर मंगलवार को रात्रि में नगर पंचायत क्षेत्र के भरत चौक बैदौला चौराहे पर भाजपा प्रत्याशी बीना देवी के समर्थन में जन आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए बताया कि मोदी योगी के नेतृत्व में विकास की जो गंगा बही है उसको और तीव्र गति देने के लिए और नगर पंचायत के हर गली मोहल्ला सुंदर स्वच्छ चमकदार बनाने के लिए भाजपा को वोटकर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाकर ट्रिपल इंजन सरकार बनाए। इस दौरान लोगों ने भाजपा को वोट देकर डुमरियागंज के विकास का डिब्बा ट्रिपल इंजन जोड़ने के लिए जनता ने संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी बीना देवी ने कमल के फूल पर मोहर लगाकर वोट देने की अपील की। जिला महामंत्री व प्रत्याशी के पति और पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मधुसूदन अग्रहरि ने बताया कि जब हम क्षेत्र में निकलते है तो क्षेत्र के लोग बताते हैं कि आपके समय में जो काम हुआ था वही हुआ हैं, नए अध्यक्ष ने केवल अपना विकास किया हैं इसलिए इस बार हम सभी लोग जात पात से हटकर विकास को वोट करेंगे, उनकी बातों का सभी ने समर्थन कर जय जयकार कर मोदी योगी के नारे लगाए। कार्यक्रम में नरेंद्र मणि त्रिपाठी, लवकुश ओझा, दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटू, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव आदि ने सभा को सम्बोधित कर भाजपा को वोट देने का अपील किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरेन्द्र त्रिपाठी व संचालन रमेश सोनी ने किया। इस दौरान परमात्मा प्रसाद अग्रहरी, बिंदराम सोनी, जयश्री पासवान, बच्चा राम पासवान, रामचंद्र यादव, प्रेम चंद्र अग्रहरी, अजय मिश्रा, आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट, राधेरमण अग्रहरी, भगवानदास, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव उर्फ पप्पू, रामसागर अग्रहरी, भगवान दास अग्रहरी, अजय साहनी, रामकुमार सोनी, रामजी सोनी, राजेंद्र सोनी आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

जन आशीर्वाद सभा में उमड़ा जन सैलाब

डुमरियागंज मंगलवार को डुमरियागंज के बैदौला चौराहे पर भाजपा द्वारा आयोजित जन आशीर्वाद सभा में लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। डुमरियागंज विधानसभा के अंतर्गत आने वाले तीनो नगर पंचायतों में भाजपा और खघसकर डुमरियागंज विधानसभा से पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कुछ समय पहले तक भाजपा डुमरियागंज में लगातार पिछड़ती हुई नजर आ रही थी, लेकिन पूरे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का फायदा अब भाजपा को मिलता हुआ नजर आ रहा है। इस जन आशीर्वाद सभा में उपस्थित भीड़ को देखकर भाजपा को हलके में लेने की सोच रहे राजनीतिक दलों को भी झटका लगना तय है। फिलहाल जिस तेजी से भाजपा का ग्राफ बढ़ रहा उससे तो एक बात साफ हो गयी है कि डुमरियागंज में एक बार फिर कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है।

जनता बोली जय भाजपा तय भाजपा

भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और खुद पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह के द्वारा लगातार किये जा रहे सभा और डोर टू डोर जनसंपर्क से अब नगर पंचायत का माहौल बदलने लगा है और भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ साथ अब आम जनता ने भी जय भाजपा तय भाजपा बोलना शुरू कर दिया है, मंगलवार की शाम को बैदौला में जहां एक तरफ जनसभा का आयोजन किया गया तो वहीं दूसरी तरफ कार्यकर्ताओं ने गाँव गाँव जाकर भाजपा प्रत्याशी के लिए ना सिर्फ वोट माँगा बल्कि जय भाजपा तय भाजपा का नारा भी लगाया। इस दौरान आम जनता भी कई जगहों पर जय भाजपा तय भाजपा का नारा लगाती हुई नजर आयी।

सांसद जगदंबिका पाल ने मांगा वोट

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के परसा चौराहा परसा, महनगा बीर सावरकर नगर वार्ड के विभिन्न मोहल्लो में सांसद जगदंबिका पाल ने भाजपा से अध्यक्ष पद प्रत्याशी गोविंद माधव के लिए घर घर जाकर लोगों से कमल के फूल पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजई बनाने की अपील की इस अवसर पर उनके साथ मंडल अध्यक्ष चिल्हिया रमेश मणि त्रिपाठी राधे बाबा निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख सदर विजय सिंह दयाराम लोधी सूर्यप्रकाश पांडे सोनू श्रीवास्तव देवेंद्र पांडे आदि सैकड़ों लोग साथ में रहे।

भाजपा प्रत्याशी गोविन्द माधव के समर्थन में जन चौपाल का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के वार्ड सरोजिनीनगर के मुड़िला में भाजपा प्रत्याशी गोविन्द माधव के समर्थन में जन चौपाल का आयोजन हुआ चौपाल में मुख्यअतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने जनसमूह से नगर में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की उन्होंने कहा कि 11 मई को कमल निशान के सामने मोहर लगाकर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाए। उक्त अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा संजीव राय, जिला प्रभारी भाजपा रामजियावन मौर्य, पूर्व चेयरमेन एसपी अग्रवाल, जिला महामंत्री विजयकांत चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

ध्रुव कुमार बने शिक्षा के व्यवसायीकरण जाँच समिति के सभापति

दैनिक बुद्ध का सन्देश
उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। सभापति विधान परिषद ने एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी को उप्र विधान परिषद की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के अंतर्गत गठित सदन की शिक्षा की व्यावसायिककरण सम्बन्धी जांच समिति का सभापति कार्यकारिणी सभापति नियुक्त किया है। इस सम्बन्धी आदेश विधान परिषद सचिवालय उप्र संसदीय अनुभाग द्वारा जारी किया गया है। एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य संविधान में वर्णित मूल भूत अधिकार है। इसे सभी के लिए सुलभ होना चाहिए। शिक्षा के व्यवसायीकरण पर अंकुश जरूरी है। इस पर जन शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। प्रधानाचार्य गोपेश्वर चौबे, संजय कुमार गुप्त, राम उजागिर पाण्डेय, वीरेंद्र पाण्डेय, अनिल मिश्र, मनोज गौतम, प्रमोद पाण्डेय, रूपेश सिंह, हरिशंकर सिंह, अभय श्रीवास्तव, मनोज शर्मा आदि ने खुशी व्यक्त की है।

नगर निकाय सपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का सन्देश
उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत उसका बाजार के काशी राम नगर में नगर निकाय चुनाव का उद्घाटन इटवा विधायक माता प्रसाद पाण्डेय ने किया। नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशी पूरी तरह से कमर कस ली है। नगर पंचायत में प्रचार प्रसार भी तेज हो गई है इटवा विधायक माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि सपा के कार्यकर्ता बहुत ही लगन से लगे हुए है और विश्वास भी है कार्यकर्ता और नगर पंचायत की जनता एक बार फिर से अध्यक्ष चुनेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश यादव ने कहा कि हमारे कार्यकाल में लगभग गरीब लोगो को तीन हजार आवास मिला हुआ है और पूरे नगर पंचायत में स्ट्रीट लाइट लगाई गई है पांच साल कार्यकाल में विकास का काम किए है सड़क का निर्माण भी किया गया है लोगो के लिए पीने के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है।

इस उद्घाटन में माता प्रसाद पाण्डेय, विधायक विजय पासवान, अजय चौधरी, तौलेसर निषाद, मोहम्मद मेकरानी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुनील यादव, अनूप यादव, रविंद्र अग्रहरी, विभूति अग्रहरी, असकंद अग्रहरी, रोहित, श्याम सुंदर, लवकुश साहनी, अली अहमद, सोनू यादव, सर्वदेव यादव, फूलचंद यादव, राजकुमार, आशीष चौरसिया आदि लोग रहे मौजूद।

बसपा कार्यालय का हुआ उदघाटन

दैनिक बुद्ध का सन्देश
उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। नगर निकाय चुनाव के क्रम में बुधवार को कस्बा में टैक्सी स्टैंड के पास बसपा प्रत्याशी माया मोदनवाल के कार्यालय का उदघाटन बसपा के जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, समर्थकों ने बसपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रत्याशी प्रतिनिधि दिनेश कुमार मोदनवाल सहित चुन्नीलाल, संतोष कुमार गौतम, विश्राम चौधरी, अब्दुल सद्दाम, रामगति वरुण, बबलू, रामचन्द्र, बंशीधर, बाबूलाल, चंद्रप्रकाश साहनी, पवन अग्रहरी आदि लोग उपस्थित रहे।

पत्रकार के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज स्थित ब्लॉक परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बुधवार को किया गया जिसमें पत्रकार रियाज अहमद खान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बताते चलें कि बीते सोमवार को रियाज अहमद खान की आकस्मिक मौत हो गई थी। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ पत्रकार आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि रियाज अहमद खान के आकस्मिक मौत से पत्रकार जगत दुखी है पत्रकारिता क्षेत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी थी और सामाजिक कार्यों में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहता था। इस मौके पर पत्रकार हाशिम रिजवी, राजेश पांडे व राजेश यादव ने कहा कि रियाज अहमद खान ने युवा पत्रकारों में अपनी भागीदारी से सभी को प्रभावित किया था। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी मौत मीडिया जगत के लिए अपूरणनीय क्षति है। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक मुकेश कुमार अन्नू ने कहा कि रियाज अहमद खान ने पत्रकारिता क्षेत्र में कम समय में अपनी पहचान बनाई थी। उनकी मौत से सभी दुखी हैं। अंत में सभी पत्रकारों व समाजसेवी व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नरेंद्र मणि त्रिपाठी, राजेश द्विवेदी, संजय त्रिपाठी, आफताब आलम, काजी रहमतुल्लाह, मोहम्मद शाहिद, पीडी दुबे ,मोहम्मद इस्माइल ,अब्दुल रज्जाक, जहीरुउद्दीन सिद्दीकी, सुहेल अहमद, मो नईम, सूरज श्रीवास्तव, शाहिद रिजवी, नसीम अहमद, मारूफ, अल्तमस आदि लोग मौजूद रहे।

मुद्दे हुए हवा हवाई, फिर लड़ाई जाति और धर्म पर आयी

डुमरियागंज नगर पंचायत में जल निकासी नही बन पा रहा चुनावी मुद्दा

दिलीप श्रीवास्तव/
दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज चुनाव की घोषणा होने से पहले लगातार विकास की गंगा बहाने वाले नेता जी फिलहाल डुमरियागंज में बारिश के समय बहने वाली गंगा मैया के निकासी का कोई मास्टर प्लान नहीं दे सके। दावा तो करते हैं विकास का लेकिन जब बात हकीकत के धरातल पर आती है तो विकास की गंगा बहाने वाले नेता जी बगले झांकने लगते हैं।

टूटी सड़कें, भठी नालियाँ, बीमारियों को न्योता देते कूड़े करकट, मच्छरों के आतंक से परेशान आम जनता, और बारिश के समय डुमरियागंज नगर पंचायत के हर वार्ड में बहने वाला पानी आज आदर्श नगर पंचायत डुमरियागंज की पहचान बन चुका है। डुमरियागंज को नगर पंचायत का दर्जा मिले हुए लगभग 15 साल होने जा रहा है इस दौरान यहाँ की जनता ने दो बार चेयरमैन भी चुना लेकिन आज भी इस नगर पंचायत की आम जनता से जुडी हुई समस्यायें जस की तस बनी हुई हैं। चुनाव शुरू होने से पहले सभी नेता विकास का दम्भ भरते हैं और विकास को लेकर एक एक कर अपनी प्राथमिकतायें भी गिनाते हैं लेकिन जैसे जैसे चुनाव नजदीक आता है सभी नेता और पार्टियां अपनी अपनी जाति और धर्म के वोटों को सहेजने की कोशिश करते नजर आते हैं, मजे की बात तो ये है कि सिर्फ नेता ही नहीं आम जनता भी सिर्फ अपनी जाति,धर्म और अपनी पसंद की पार्टी के उम्मीदवार को जिताने की बात करते नजर आते हैं।

बारिश के समय डूबता है डुमरियागंज, होता है लाखों का नुकसान

आपको बता दें आदर्श नगर पंचायत का दम्भ भरने वाला डुमरियागंज अब लगभग 15 वर्ष पुराना होने जा रहा है, बावजूद इसके बारिश के पानी के निकासी की समुचित व्यवस्था ना होने से हर वर्ष ना सिर्फ फसलें बर्बाद होती है बल्कि व्यापारियों का व्यवसाय भी चौपट हो जाता है। ऐसे में आम जनता से सीधा जुडा हुआ मुद्दा होने के बाद भी नगर पंचायत की यें समस्या जस की तस बनी हुई है। डुमरियागंज नगर पंचायत की जनता तीसरी बार अपना चेयरमैन चुनने जा रही है बावजूद इसके आज भी डुमरियागंज नगर पंचायत की ये समस्या चुनाव में मुद्दा नही बन पा रहा है। इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि बड़ी बड़ी समस्याओं के अम्बार वाले इस नगर पंचायत में नेताओं के साथ साथ आम जनता भी जाति और धर्म के आधार पर अपने पसंदीदा उम्मीदवार को जिताते हुए नजर आ रहे हैं।

पहले मतदान फिर जलपान का मंत्र साकार करेंगे मुख्यमंत्री

गोरखपुर। नगर निगम चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार की सुबह 7 बजे वार्ड नम्बर 78, पुराना गोरखपुर, स्थित नगर क्षेत्र के इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय गोरखनाथ (कन्या) के बूथ संख्या 797 पर मतदान करेंगे। पहले मतदान फिर जलपान के मंत्र को साकार करते हुए वह अपने मताधिकार का प्रयोग और लोकतांत्रिक कर्तव्य का निर्वहन करेंगे। मुख्यमंत्री संभवतः अपने बूथ के पहले मतदाता भी बनेंगे। इसके पहले 2022 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी अपने बूथ के प्रथम मतदाता बने थे। झूलेलाल मंदिर के निकट स्थित मतदान केंद्र पर सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को मतदान के लिए सुबह 7 बजे आएंगे। मतदान करने के बाद मतदान केंद्र के बाहर मीडिया कर्मियों को संबोधित कर मतदाताओं से मतदान की अपील करेंगे। इसके पश्चात गोरखनाथ मंदिर वापस आकर जलपान करेंगे और तत्पश्चात दूसरे चरण के निकाय चुनाव प्रचार के लिए रवाना हो जाएंगे।

सम्पादकीय

हर साल गर्मी में लू से, ठंड में शीतलहर से और वर्षा ;तु में बाढ़ से सिर्फ गरीब ही मरता है। लेकिन अब देखने में आ रहा है कि वातानुकूलित वातावरण में रहने वाली तथा पिज्जा– बर्गर खाने वाली पीढ़ी ज्यादा मौसमी बदलावों के प्रभाव की शिकार हो रही है। विडंबना यह है कि हमने शरीर की जीवनी शक्ति कृत्रिम शक्तिवर्धक पदार्थों व...

मौसम की मार–हरेक परेशान

हमें इस हकीकत को स्वीकार लेना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे जीवन को गहरे तक प्रभावित कर लिया है। इस माह के आरंभ में जहां लोग वातावरण में ठंड महसूस कर रहे थे, पहाड़ों में बर्फबारी हो रही थी और मैदानों में ओला व वर्षा जारी थी। वहीं पिछले कुछ दिनों में मौसम अचानक बदला और बात पारे के चालीस पार जाने की सामने आ गई है। यहां तक कि मौसम विज्ञानी पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में लू की चेतावनी देने लगे हैं। लू निस्संदेह, मौसम में बदलाव कुदरत का नियम है। ठंड के बाद गरमी और गरमी के बाद बरसात कुदरत के शाश्वत नियम हैं। लेकिन यह परिवर्तन निर्धारित समय के साथ धीरे–धीरे होता है। जिसमें मानव शरीर धीरे–धीरे उसके अनुकूल खुद को ढाल लेता है। ऐसा ही फसलों व फलों के वृक्षों का भी है, वे मौसम के अनुसार ही खिलते और फलते हैं। हो सकता है अंतिम वैज्ञानिक शोध निष्कर्ष बाद में आएं, लेकिन हमारी फसलों की गुणवत्ता व मात्रा में इस अप्रत्याशित मौसम से गिरावट दर्ज की जा रही है। मानव जाति के लिये यह चेतावनी है कि कुदरत का अंधाधुंध दोहन बंद करके अपनी विलासिता पर लगाम लगाए ताकि वातावरण में तापमान नियंत्रित रह सकें। जिससे हम ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से बच सकें। अप्रत्याशित मौसम बदलाव का असर जहां हमारी खाद्य सुरक्षा को जोखिम में डाल रहा है, वहीं तमाम तरह की बीमारियों का भी जन्म हो रहा है। दरअसल, बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने तथा मनुष्य की पैसा कमाने की हवस ने हमारे खाद्यात्रों व फल– सब्जियों में इतने रासायनिक पदार्थ भर दिये हैं कि आम आदमी की जीवनी शक्ति लगातार कमजोर होती जा रही है। जिसके चलते हमारा शरीर मौसम की तीव्रता को झेल पाने में सक्षम नहीं हो पाता। दो मौसमों के संधि काल में ज्यादातर लोग फ्लू आदि बीमारियों के शिकार होते रहे हैं। कोरोना संक्रमण भी कमोबेश उन्हीं लक्षणों को दर्शाता है जो मौसम में बदलाव के दौरान आम समय में उभरते रहे हैं। दरअसल, असली खोट हमारी जीवन शैली व खानपान में है। पहले कहा जाता था कि मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है। हर साल गर्मी में लू से, ठंड में शीतलहर से और वर्षा ऋतु में बाढ़ से सिर्फ गरीब ही मरता है। लेकिन अब देखने में आ रहा है कि वातानुकूलित वातावरण में रहने वाली तथा पिज्जा– बर्गर खाने वाली पीढ़ी ज्यादा मौसमी बदलावों के प्रभाव की शिकार हो रही है। विडंबना यह है कि हमने शरीर की जीवनी शक्ति कृत्रिम शक्तिवर्धक पदार्थों व रासायनिक दवाओं में तलाशनी शुरू कर दी है। हमारे सेहतमंद रहने का सिर्फ और सिर्फ एक ही उपाय है कि हम जितना प्रकृति के करीब रहेंगे, अपने आसपास पैदा होने वाले फल, सब्जी व अनाज का उपयोग करेंगे, उतना स्वस्थ होंगे। हर शहर व कस्बे की भौगोलिकता व हवा–पानी के अनुसार जिन खाद्यान्न व फलों को खाने की संस्तुति हमारे पूर्वजों ने की। थी, उसका सीधा सम्बन्ध मौसम के बदलाव के दौरान हमारे स्वास्थ्य की रक्षा से जुड़ा है ।

पृथ्वी की उत्पत्ति के साथ ही उद्भूत हुआ सनातन धर्म

हिंदू धर्म 90 वर्ष पुराना है। हिन्दू धर्म के नब्बे हजार वर्ष पुराने होने की बात सुनकर आप चौंक रहे होंगे। लेकिन जी हां आपने बिलकुल सही पढ़ा। हिन्दू धर्म की उत्पत्ति सनातन धर्म और संस्कृति की उत्पत्ति के साथ ही अंगीकृत है। सनातन का अभिप्राय शाश्वत या सदैव बना रहने वाला अर्थात जिसका न आदि है और न अंत ही है। हिन्दू धर्म को भले ही विदेशी इतिहासकार शीघ्र का मानें किंतु हिन्दू धर्म पृथ्वी की उत्पत्ति के साथ ही आविर्भूत हुआ है। सूर्य, चंद्रमा की किरणों के साथ जल के अविरल, निर्मल और शीतल प्रवाह ने लगभग एक लाख वर्ष पूर्व सनातन संस्कृति के उद्भव की इबारत लिख दी थी। सर्वप्रथम इस सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी ने मनुष्य के साथ उसके भरण पोषण के लिए अन्य प्रकार की वस्तुओं का सृजन किया। भगवान विष्णु ने पितृवत स्नेह के साथ इस सृष्टि का पालन पोषण करना प्रारंभ किया और भगवान शंकर अर्थात श्री महेश जी ने इस सृष्टि पर कृपा और महाविनाश की गाथा को लिखना प्रारंभ किया। सिंधु नदी घाटी की सभ्यता में शिव अर्थात पशुपति जी को पूजने का पता चलता है। सिंधु नदी घाटी की सभ्यता के लोग आर्य थे और उनका मूल निवास स्थान भारत ही था। इतिहास के प्रमाण जो भी कहें किंतु हमारे साहित्यिक ग्रंथ 9057 ईसा पूर्व स्वायंभुव मनु के प्रकटीकरण की बात करते हैं। प्रमाणिक स्रोतों के अनुमान के मुताबिक 6673 ईसा पूर्व वैवस्वत मनु हुए जबकि भगवान श्री राम 5114 ईसा पूर्व हुए और 3112 ईसा पूर्व श्री कृष्ण का जन्म हुआ। ब्रह्मा, विष्णु और महेश हमारी चेतना के प्रकाश पुंज हैं जिन्होंने समय समय पर भारतीय सांस्कृतिक मनीषा और चिंतन पद्धति को गतिशीलता प्रदान की है। हिन्दी दैनिक समाचार पत्र बुद्ध का संदेश ने महानायक तुलसीदास की सीरीज को प्रकाशित किया। आज से सनातन धर्म की उत्पत्ति और विकास पर लिखूंगा। गोस्वामी तुलसीदास जी और प्रभु श्रीराम मेरे और आपके हृदय में विराजमान हैं इसलिए बीच बीच में बाबा तुलसीदास पर लिखता रहूंगा।

लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का सन्देश

कांग्रेस हिम्मती और आक्रामक

उधर दो बड़े लिंगायत नेताओं– जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी ने पार्टी छोड़ी है और कांग्रेस की टिकट पर लड़ रहे हैं। इससे भी भाजपा रक्षात्मक हुई है। टिकट बंटवारे में जिस तरह से विवाद हुआ और शेट्टार ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष पर आरोप लगाए उससे भी भाजपा बैकफुट पर है। मुख्यमंत्री बोम्मई को कहना पड़ा कि शेट्टार की टिकट काटने का फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय...

हरिशंकर व्यास

कर्नाटक चुनाव की खास बात यह है कि पहली बार भाजपा रक्षात्मक है और कांग्रेस आक्रामक अंदाज में राजनीति कर रही है। देश के किसी भी राज्य में ऐसा देखने को नहीं मिला कि भाजपा अपने तय किए एजेंडे पर राजनीति करने की बजाय कांग्रेस के एजेंडे पर प्रतिक्रिया दे रही हो। कांग्रेस के तेवर कितने आक्रामक हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ थाने में जाकर मुकदमा दर्ज कराया। सोचें, देश के गृह मंत्री के खिलाफ! अब तक चुनावी भाषण को लेकर कांग्रेस चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराती थी और सबको पता होता था कि आयोग क्या करेगा। सो, इस बार कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत करने के साथ ही पुलिस स्टेशन में जाकर एफआईआर दर्ज कराई।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार और राज्य के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने थाने में रपट लिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने एक भाषण में कहा था कि कांग्रेस जीतेगी तो कर्नाटक में दंगे होंगे। इस बयान के खिलाफ शिवकुमार और सुरजेवाला ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने अपनी एफआईआर में कहा है अमित शाह का बयान सामुदायिक सद्भाव बिगाडने वाला है और भड़काऊ है। इसी तरह राहुल गांधी ने अपनी चुनावी सभा में कहा कि कर्नाटक भाजपा में उसी को टिकट मिली है, जो श40 फीसदी कमीशनत्र पर काम करता है। उन्होंने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार और पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी का हवाला देते हुए कहा कि उनको भाजपा की टिकट इसलिए नहीं मिली क्योंकि उन्होंने श40 फीसदी कमीशनत्र पर काम करने से इनकार कर दिया और यह बात भाजपा के शीर्ष नेताओं को पसंद नहीं आई।

इस बार कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का एजेंडा सेट किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को भ्रष्ट साबित करने का एजेंडा बनाया था। उन्होंने कहा था कि कर्नाटक कांग्रेस के लिए एटीएम की तरह है। वे पहले भी कह चुके हैं कि कर्नाटक से नकदी ट्रांसफर का सीधा कनेक्शन दिल्ली जुड़ा हुआ है। लेकिन इस बार मामला उलटा है। इस बार कांग्रेस ने श40 फीसदी कमीशनत्र वाली सरकार का हल्ला बनवाया है। राहुल गांधी के साथ साथ प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी कांट्रैक्टर एसोसिएशन की ओर से लिखी चिऋी का हवाला दिया, जिसमें 40 फीसदी कमीशन मांगे जाने का जिक्र था। एक ठेकेदार की आत्महत्या भी प्रचार का मुद्दा है। कांट्रैक्टर एसोसिएशन से लेकर स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन तक के आरोपों को कांग्रेस नेता दोहरा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के छोड़ दें तो यह संभवतरू पहला राज्य है, जहां राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा दोनों प्रचार कर रहे हैं। पिछले साल के अंत में हुए चुनाव में प्रियंका ने हिमाचल में प्रचार किया था तो राहुल गांधी गुजरात गए थे। इस साल पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में चुनाव प्रचार में राहुल ही गए। कर्नाटक में राहुल गांधी पांच दिन में 10 से ज्यादा सभाएं और रोड शो कर चुके हैं।

वे किसानों, मछुआरों और छात्रों से अलग अलग संवाद कर रहे हैं। राहुल गांध ी भी दो दिन कर्नाटक में रहीं और कई सभाओं को संबोधित किया। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का गृह प्रदेश है इसलिए वे भी दम लगा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को श्जहरीला सांप्य कह दिया। हालांकि बाद में उन्होंने इस पर सफाई दी लेकिन भाजपा की हिम्मत नहीं हुई कि वह खडगे पर उसी अंदाज में हमला करे। यह भी भाजपा के रक्षात्मक होने का संकेत है। भाजपा की ओर से कांग्रेस और खास कर सोनिया व राहुल गांधी को निशाना बनाया गया। खडगे के बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि भले खडगे ने यह बात कही है लेकिन विष गांधी परिवार का है। इसी तरह कर्नाटक में भाजपा के विधायक बासनगौड़ा ने खडगे के बयान के लिए कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उनके शविषकन्यात्र कहा। भाजपा खडगे पर इसलिए हमला नहीं कर पा रही है कि कर्नाटक उनका गृह प्रदेश है और वे दलित हैं।

भाजपा कई और कारणों से रक्षात्मक है। वह मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं घोषित कर पा रही है क्योंकि उसे पता है कि सिर्फ लिंगायत वोट से चुनाव नहीं जीता जा सकेगा। बसवराज बोम्मई को सीएम दावेदार नहीं घोषित करने का नतीजा यह हुआ है कि लिंगायत मतदाताओं में कंफ्यूजन है। उनके सबसे बड़े नेता बीएस येदियुरप्पा इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनके बेटे को जरूर टिकट मिली है लेकिन सबको पता है कि भाजपा जीत भी जाती है तो वे सीएम नहीं होंगे। उधर दो बड़े लिंगायत नेताओं– जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी ने पार्टी छोड़ी है और कांग्रेस की टिकट पर लड़ रहे हैं। इससे भी भाजपा रक्षात्मक हुई है। टिकट बंटवारे में जिस तरह से विवाद हुआ और शेट्टार ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष पर आरोप लगाए उससे भी भाजपा बैकफुट पर है। मुख्यमंत्री बोम्मई को कहना पड़ा कि शेट्टार की टिकट काटने का फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया, संतोष का उससे कोई लेना देना नहीं था।

बोफोर्स नहीं बन रहा अदानी का मुद्दा!

जिस रिपोर्ट से अदानी समूह की 10 लाख करोड़ रुपए की पूंजी डूब गई, उस रिपोर्ट का कोई बड़ा राजनीतिक मुद्दा नहीं बन पाया? इसमें संदेह नहीं है कि इस विवाद ने आम लोगों तक यह बात पहुंचाई है कि कोई उद्योगपति है अदानी, जो प्रधानमंत्री का बहुत करीबी है। यह बात अपने आप में प्रधानमंत्री की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए पर्याप्त है। हो सकता है कि लोगों के मन में कोई धारणा ...

अजीत द्विवेदी

राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रवक्ताओं को छोड़ दें तो ज्यादातर नेता अदानी मसले पर चुप हो गए हैं। कांग्रेस के बड़े नेता संसद के बजट सत्र में भले संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी बनाने की मांग करते हुए हंगामा करते रहे और अदानी मसले पर संसद की कार्यवाही ठप्प करते रहे लेकिन उसके बाद वे इस मसले पर बयान देने से बच रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे संसद में अदानी विरोध का केंद्र थे लेकिन कर्नाटक के चुनाव प्रचार में उन्होंने इस बारे में कुछ नहीं कहा है। राहुल गांधी ने भी अपनी एक–दो शुरुआती सभाओं में अदानी को निशाना बनाया लेकिन बाद में वे भी इस पुरानी बात पर लौटे कि भाजपा दो–तीन अरबपतियों के लिए काम करती है। कर्नाटक में कांग्रेस को चुनाव लड़वा रहे दोनों बड़े नेता सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार अदानी पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने दो दिन के चुनाव प्रचार में एक बार भी अदानी का नाम नहीं लिया। कांग्रेस के तीन मुख्यमंत्री हैं और तीनों इस पर चुप हैं। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बहुत प्रयास करके ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ चल रहा अदानी समूह का झगड़ा निपटाया, जिसके बाद ट्रांसपोर्टर्स ने अपनी हड़ताल खत्म की थी। राजस्थान में गौतम अदानी ने 50 हजार करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया है। सो, अदानी समूह पर हमला करना अशोक गहलोत के लिए भी राजनीतिक रूप से मुफीद नहीं होगा। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने तमाम विरोध के बावजूद हसदेव जंगल के पेड़ काटने की मंजूरी दी। हसदेव अरण्य में अदानी समूह की कोयले की खदानें हैं, जहां से कोयला निकालने के लिए जंगल काटना जरूरी थी। जंगल को बचाने के लिए देश भर के सामाजिक संगठन और आदिवासी समूह विरोध कर रहे थे लेकिन अंततरू जंगल काटने की मंजूरी दी गई। वहां अदानी समूह के साथ सरकार और कांग्रेस के कई नेताओं के नजदीकी संबंध हैं। सो, तीनों मुख्यमंत्रियों के लिए अदानी पर बोलना मुश्किल है। कमलनाथ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष हैं और मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। वे शुरू से कॉरपोरेट समर्थक माने जाते हैं इसलिए उनसे उम्मीद नहीं की जा सकती है कि वे अदानी के खिलाफ बोलेंगे। लेकिन यह सिर्फ कांग्रेस नेताओं या कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों की दुविधा या मुश्किल नहीं है, बल्कि दूसरी विपक्षी पार्टियां भी एक एक करके अदानी और हिंडनबर्ग रिपोर्ट के मामले से दूर होती जा रही हैं। अगर किसी पार्टी के कुछ नेता या प्रवक्ता बयान दे भी रहे हैं तो बड़े नेता खासतौर से मुख्यमंत्री आदि इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। ममता बनर्जी से लेकर नीतीश कुमार तक अदानी का नाम लेने से बचते रहे हैं। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने एक कदम आगे बढ़ कर अदानी को क्लीन चिट दे दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में अदानी और अंबानी की तुलना टाटा और बिड़ला से कर दी और अदानी का बचाव करते हुए कहा कि हिंडनबर्ग की साख के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है और ऐसा लग रहा है कि एक औद्योगिक समूह को जान बूझकर निशाना बनाया गया। इसके बाद गौतम अदानी मुंबई में उनसे मिलने उनके घर गए, जहां दोनों के बीच दो घंटे तक गोपनीय बैठक हुई। इस मुलाकात ने रही सही कसर पूरी कर दी है। महाराष्ट्र में कांग्रेस की दोनों सहयोगी पार्टियां– एनसीपी और शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट को अदानी से दिक्कत नहीं है। गुजरात की प्रदेश कांग्रेस ईकाई को पहले से कोई दिक्कत नहीं है। डीएमके, बीआरएस वगैरह के लिए यह पहले भी कभी मुद्दा नहीं था। असल में हर राज्य में अदानी का कारोबार है, निवेश है और लोगों की नौकरियां हैं। इसलिए कोई भी पार्टी उसे निशाना नहीं बनाना चाहती है। तभी सवाल है कि जब कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता और विपक्ष के नेता चुप रहेंगे तो राहुल गांधी इस मसले पर आगे क्या करेंगे? क्या वे अकेले अदानी का मुद्दा उठाते रहेंगे? ध्यान रहे अदानी समूह पर आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट विपक्ष के लिए बोफोर्स जैसा मुद्दा थी। इसमें वह सब कुछ था, जिसके आधार पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया जाए। विपक्ष ने इस मुद्दे पर उसी अंदाज में राजनीति भी की। संसद का पूरा बजट सत्र इस मसले पर जाया हुआ। लेकिन जब चुनावी राजनीति में इस मुद्दे के इस्तेमाल की बात आई है तो यह मुद्दा नहीं चल पाया। कर्नाटक में हो सकता है कि कांग्रेस चुनाव जीत जाए लेकिन उसमें अदानी और हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का कोई हाथ नहीं होगा। कर्नाटक सरकार के ऊपर पहले से भ्रष्टाचार के आरोप हैं और राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर कांग्रेस के तमाम नेता उसे 40 फीसदी कमीशन वाली सरकार बता कर प्रचार कर रहे हैं।

यह भी संभव है कि रणनीतिक रूप से कर्नाटक में कांग्रेस ने अदानी का मुद्दा छोड़ा हो क्योंकि प्रदेश के नेता चाहते हैं कि विध ाानसभा का चुनाव राज्य के स्थानीय मुद्दों पर लड़ा जाए। अगर उसमें राष्ट्रीय मुद्दे लाए जाते हैं तो नरेंद्र मोदी का चेहरा आएगा और उनके ऊपर हमला करना होगा, जो कि कांग्रेस के लिए ठीक नहीं होगा। प्रदेश के नेताओं पर हमला करके भाजपा को हराया जा सकता है लेकिन अगर फोकस नरेंद्र मोदी के ऊपर होगा तो भाजपा को नुकसान की बजाय फायदा हो सकता है। हो सकता है कि इस वजह से कर्नाटक चुनाव में अदानी का मुद्दा नहीं बनाया गया हो। लेकिन कर्नाटक के बाहर भी अब यह कोई मुद्दा नहीं है और अगर कांग्रेस कर्नाटक में जीत जाती है तो यह तय मानना चाहिए कि तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भी अदानी का मुद्दा नहीं होगा। फिर उसके बाद इस बात की कितनी संभावना रह जाएगी कि विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में इसका मुद्दा बनाएगा?

अगले लोकसभा चुनाव से पहले अदानी समूह और हिंडनबर्ग पर सुप्रीम कोर्ट की बनाई कमेटी की रिपोर्ट आ जाएगी। अगर सुप्रीम कोर्ट की बनाई विशेषज्ञ समिति ने कोई गंभीर गड़बड़ी नहीं बताई और सेबी की जांच में क्लीन चिट मिली तो विपक्ष का मुद्दा टांय टांय फिस्स हो जाएगा। ध्यान रहे पेगासस पर भी सुप्रीम कोर्ट ने तकनीकी विशेषज्ञों की कमेटी बनाई थी और उसने कोई गड़बड़ी नहीं पकड़ी। किसान मामले में भी सुप्रीम कोर्ट की विशेषज्ञ कमेटी कैसी थी और उसने क्या किया वह सबने देखा। इसलिए अदानी मसले पर भी विशेषज्ञ कमेटी से कोई खास उम्मीद नहीं की जा सकती है। सवाल है कि ऐसा क्यों हुआ कि जिस रिपोर्ट ने अदानी समूह की बुनियाद हिला दी, जिस रिपोर्ट की वजह से अदानी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति से 33वें स्थान पर पहुंच गए, जिस रिपोर्ट से अदानी समूह की 10 लाख करोड़ रुपए की पूंजी डूब गई, उस रिपोर्ट का कोई बड़ा राजनीतिक मुद्दा नहीं बन पाया? इसमें संदेह नहीं है कि इस विवाद ने आम लोगों तक यह बात पहुंचाई है कि कोई उद्योगपति है अदानी, जो प्रधानमंत्री का बहुत करीबी है।

लखनऊ को लगा बड़ा झटका, बचे हुए सत्र से बाहर हुए केएल राहुल, क्विंटन डी कॉक को मिलेगा मौका

लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आईपीएल 2023 भी अबतक ठीक रहा है। एक–दो मुकाबलों को छोड़ दें तो टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इन सब के बीच लखनऊ सुपर जायंट्स को बड़ा झटका लगा है। जांघ में गंभीर चोट के की वजह से कप्तान लोकेश राहुल आईपीएल के बचे हुए सत्र से बाहर हो गये हैं। इतना ही नहीं, लखनऊ को एक और बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के कंधे की स्थिति भी गंभीर है और वह भी इस आईपीएल से बाहर हो गए हैं। एक वरिष्ठ बीसीसीआई सूत्र ने नाम न छापने की शर्तों पर बताया कि केएल इस समय लखनऊ में टीम के साथ है, लेकिन वह बुधवार को सीएसके के खिलाफ खेल देखने के बाद गुरुवार को शिविर छोड़ रहे है। उसका स्कैन मुंबई में बीसीसीआई द्वारा नामित चिकित्सा सुविधा में किया जाएगा।

केएल राहुल के चोटिल होने का मतलब है कि क्विंटन डी कॉक आखिरकार टीम में शामिल हो गए हैं। टीम ने उनकी जगह अबतक काइल मेयर्स को प्राथमिकता दी थी। माना जा रहा है कि इस सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी क्रुणाल पांड्या करेंगे। सीनियर बल्लेबाज एवं विकेटकीपर राहुल को लंदन में सात से 11 जून तक होने वाले विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप फाइनल के लिए तैयार करना मुश्किल होगा। राहुल को दाहिनी जांघ में यह चोट मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर फाफ डु प्लेसिस के कवर ड्राइव को बाउंड्री के पास रोकने की कोशिश के दौरान लगी थी। सूत्र ने यह भी पुष्टि की कि अब तक कोई स्कैन नहीं किया गया है।

लोकेश राहुल और तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के चोटिल होने के कारण कमजोर पड़ी लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम को बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से सतर्क रहना होगा जो वापसी करने के लिए बेताब है। लखनऊ की टीम सोमवार को रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ 127 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.5 ओवर में 108 रन पर आउट हो गई थी। काइल मायर्स, निकोलस पूरन, मार्कस स्टोइनिस और क्रुणाल पंड्या जैसे खिलाड़ियों ने लखनऊ की तरफ से पिछले मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन राहुल पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के खिलाफ अध शितक जड़ने के बाद रन बनाने के लिए जूझ रहे थे।

पर्पल कैप और ऑरेंज कैप के लिए ये हैं दावेदार, जानें यहां

डेविड वार्नर की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गत चौंपियन गुजरात टाइटन्स (जीटी) को 5 रनों से हराकर सीजन की अपनी तीसरी जीत दर्ज की। बहुत से लोगों ने नहीं सोचा होगा कि दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम की पिच धीमी होगी क्योंकि गुजरात टाइट्ंस ने जीटी ने दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी की थी। मोहम्मद शमी के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद अमन हकीम खान के करियर के पहले अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने बेहद खराब शुरुआत से उबरते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां आठ विकेट पर 130 रन बनाए थे। इस मुकाबले में दिल्ली की टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए जीता हासिल कर ली थी।

इस मुकाबले के बाद अब पॉइंट्स टेबल में भी बदलाव आ गया है। जीटी बनाम डीसी स्थिरता के परिणाम का आईपीएल 2023 अंक तालिका पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। जीटी और डीसी दोनों स्पेक्ट्रम के विपरीत छोर पर खड़े हैं। जबकि गुजरात आईपीएल 2023 अंक तालिका में सबसे आगे है, दिल्ली की राजधानियों को नौ मैचों में छह अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे रखा गया है। गुजरात टाइटन्स नौ मैचों में 12 अंकों के साथ आगे चल रही है, इसके बाद राजस्थान रॉयल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर और पंजाब किंग्स आईपीएल 2023 में नौ मैचों में 10 अंकों के साथ आगे हैं।

ऑरेंज और पर्पल कैप के लिए ये हैं उम्मीदवारः दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप के लिए भी दावेदारी में बदलाव देखने को नहीं मिला है। गुजरात के शीर्ष बल्लेबाज शुभमन गिल छह रन बनाकर कुल 339 रन बनाकर छठे स्थान पर हैं। दूसरी ओर, डेविड वार्नर, जो दिल्ली की राजधानियों के शीर्ष बल्लेबाज हैं, 308 रनों के साथ सूची में आठवें स्थान पर हैं। आईपीएल 2023 ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड का नेतृत्व आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस कर रहे हैं, जिन्होंने नौ पारियों में 466 रन बनाए हैं। आरआर के यशस्वी जायसवाल और सीएसके के डेवोन कॉनवे क्रमशः 428 और 414 रन बनाकर शीर्ष पर है।

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ चार विकेट के शानदार स्पेल ने जीटी के मोहम्मद शमी को आईपीएल 2023 पर्पल कैप तालिका में सबसे ऊपर है। मोहम्मद शमी ने दिल्ली के खिलाफ खेले गए मुकाबले में चार विकेट हासिल किए है। वर्तमान में वो पर्पल कैप हासिल करने की लिस्ट में 17 विकेट के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के तुषार देशपांडे हैं जो 17 विकेट हासिल कर चुके है। वहीं बैंगलोर के मोहम्मद सिराज और गुजरात के राशिद खान तीसरे और चौथे स्थान पर है।

केकेआर के खिलाफ मैच में सनराइजर्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर होगा दबाव

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगा तो उसके शीर्ष क्रम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। इन दोनों टीमों का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और उन्हें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए आगे सभी मैचों में अच्छा खेल दिखाना होगा। केकेआर के अभी नौ मैचों में छह जबकि सनराइजर्स के आठ मैचों में छह अंक हैं। अंक तालिका में वे क्रमशरू आठवें और नौवें स्थान पर हैं। सनराइजर्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के प्रदर्शन में अभी तक निरंतरता का अभाव रहा है। पिछले मैच में अभिषेक शर्मा को पारी का आगाज करने के लिए भेजने का फैसला सही साबित हुआ था लेकिन टीम अन्य सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी।

सनराइजर्स के बल्लेबाज अभी तक सामूहिक योगदान देने में असफल रहे हैं और अगर टीम को प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसके बल्लेबाजों को निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अग्रवाल अभी तक 110 की स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने वाले राहुल त्रिपाठी भी उपयोगी योगदान नहीं दे पाए हैं। कप्तान एडेन मार्कराम को आगे बढ़कर नेतृत्व करने की जरूरत है जबकि हैरी ब्रूक एक शतक जमाने के बावजूद अधिकतर मैचों में असफल रहे हैं। उन्हें फिर से मध्यक्रम में उतारा जा रहा है और उम्मीद है कि वह कुछ लय हासिल करेंगे। ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं जो सनराइजर्स के लिए करारा झटका है। गेंदबाजी में उमरान मलिक महंगे साबित हुए हैं जो कि टीम के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने अब तक सात मैचों में केवल पांच विकेट लिए हैं। केकेआर भी अपने बल्लेबाजों से प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की उम्मीद रखेगा। केकेआर को यदि नॉकआउट में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसे तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कप्तान नितीश राणा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार के बाद स्वीकार किया था कि उनकी टीम को तीनों विभागों में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।

राणा स्वयं अभी तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसे कि उनसे अपेक्षा की जा रही थी जबकि शीर्ष क्रम में एन जगदीशन ने निराश किया है। जेसन रॉय और रहमानुल्लाह गुरबाज ने अच्छी फॉर्म दिखाई है लेकिन इन दोनों में से किसी एक को ही अंतिम एकादश में रखा जा सकता है। केकेआर के तेज गेंदबाज रन लुटा रहे हैं जो उसके लिए चिंता का विषय है। ऑल राउंडर आंद्रे रसेल और शार्दुल ठाकुर ने प्रति ओवर 10 से अधिक रन दिए हैं। हर्षित राणा ने अपने पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और उन्हें फिर से अंतिम एकादश में जगह मिलने की संभावना है। सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और सुयश शर्मा की स्पिन तिकड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रही है लेकिन उन्हें तेज गेंदबाजों से भी सहयोग की जरूरत है।

टीम इस प्रकार हैं कोलकाता नाइट राइडसरू नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन. जगदीशन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड विसे, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास, मनदीप सिंह और जेसन रॉय। सनराइजर्स हैदराबादरू एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी. नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसेन और अनमोलप्रीत सिंह। मैच शुरूरू भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे।

राज्याभिषेक से कुछ दिन पहले बकिंघम पैलेस के पास से संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

लंदन। लंदन में बकिंघम पैलेस के गेट के पास एक व्यक्ति को मंगलवार शाम उस समय गिरफ्तार किया गया जब उसने वहां संदिग्ध कारतूस फेंके। स्कॉटलैंड यार्ड के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला के राज्याभिषेक समारोह से ठीक चार दिन पहले यह घटना घटी। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद संदिग्ध को खतरनाक हथितार पास होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया और उसके पास एक संदिग्ध बैग पाए जाने के बाद अधिकारियों को जगह–जगह तैनात किया गया। मेट्रोपोलिटन पुलिस के मुख्य अधीक्षक जोसेफ मैकडॉनल्ड ने कहा, ''अधिकारियों ने तुरंत संदिग्ध को पकड़ लिया और उसे पुलिस हिरासत में ले गए।

कविता

कहां खो गया वो चिट्ठियों का दौर,
वो गाँवोकी मिट्टी वो आमों का बौर।
जब इंतजार होता था प्यारी सी चिट्ठी का
गांव की खुशबू और शोधी सी मिट्टी का,
महीनों खबर उनकी मिलती नहीं थी
मां की आंखों में रहती नमी थी,
डाकिया जैसे लाता था चिट्ठी हमारी
खुशियों की लहरें मचाती हिलोर ।
कहां खो गया वो चिट्ठियों का दौर...
सरहद पर डटे जवानों की जां थी
कितने भाई बहनों की चिट्ठी अरमां थी,
वो बेटी जो ब्याही गयी दूर घर से
चिट्ठी सुनाती मां को उनकी दास्तां थी,
गुम हुई चिट्ठी बढ़ा तकनीकी जोर।
कहां खो गया वो चिट्ठियों का दौर......
चिट्ठियों पे चर्चा चलती थी गांव में,
दुख सुख सुलझते थे पीपल की छांव में,
एकजुटता दिखती प्रसिद्धि प्रभाव में
कहानी सुनाती थी दादी हाव भाव मे
चिट्ठियां जोड़ती थी संस्कृतियों के छोर,
कहां खो गया वो चिट्ठियों का दौर.....
नीम, तुलसी, के नुस्खे नानी के लाइन में,
होती थी दोस्तों की चिट्ठी स्टाइल में,
चिट्ठियों की जगह आज ले ली मोबाइल ने,
भाव पढ़े जाते अब इमोजी स्माइल में,
चिट्ठी की चलन गयीय चमक बढ़ा शोर
कहां खो गया वो चिट्ठियों का दौर.....

डा सीमा मिश्रा/
दैनिक बुद्ध का सन्देश

डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लाइट में किया यौन उत्पीड़न, यूएस कोर्ट में पीड़ित महिला ने दी गवाही

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक महिला ने न्यूयॉर्क सिविल ट्रायल में बताया कि 1970 के दशक के अंत में उन्होंने एक फ्लाइट में यात्रा के दौरान उनका यौन उत्पीड़न किया था। 81 वर्ष की जेसिका लीड्सने लेखक ई जीन कैरोल के बलात्कार और ट्रम्प के खिलाफ मानहानि के मुकदमे में गवाही देते हुए बयान दिया। लीड्स ने अदालत को बताया कि ट्रम्प ने न्यूयॉर्क जाने वाली एक उड़ान के बिजनेस क्लास सेक्शन में मेरी स्कर्ट पर हाथ रखा। लीड्स ने कहा कि उस यात्रा के पहले ट्रंप से उनकी कोई बातचीत नहीं हुई थी। ये अचानक हुआ था। उन्होंने कहा कि इस दौरान ट्रंप ने उनके साथ अश्लील हरकत की। लीड्स के अनुसार, वह 38 वर्ष की थी जब वह उसी विमान से यात्रा कर रही थी जिसमें ट्रम्प थे। उसने द टाइम्स को बताया कि वह कोच में बैठी थी लेकिन एक फ्लाइट अटेंडेंट ने उसे प्रथम श्रेणी में एक खाली सीट लेने के लिए आमंत्रित किया। ये ट्रंप के बगल में बिजनेस क्लास की सीट थी। ट्रंप ने अपना परिचय दिया और उनसे हाथ मिलाया और उन्होंने एक–दूसरे का अभिवादन किया। ट्रम्प ने तब लीड्स से पूछा कि क्या वह शादीशुदा है और उसने उन्हें बताया कि वह तलाकशुदा है। लीड्स ने कहा कि ट्रम्प ने उनके बीच आर्मरेस्ट उठाया, उनकी ओर बढ़े और उन्हें टटोलने लगे। वह पीछे हट गई और जल्दी से प्रथम श्रेणी के केबिन को छोड़कर कोच में लौट आई। ट्रम्प ने हमेशा यौन उत्पीड़न के सभी आरोपों का खंडन किया है और ऐसे किसी भी दावे पर कभी भी आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया गया है। लीड्स को कैरोल के वकीलों द्वारा गवाही देने के लिए बुलाया गया था ताकि नौ–व्यक्ति जूरी को मनाने की कोशिश की जा सके कि ट्रम्प यौन दुराचार के पैटर्न में लिप्त हैं।

सर्बिया में किशोर ने स्कूल में की गोलीबारी, कई लोग घायल

बेलग्रेड। सर्बिया में एक किशोर ने राजधानी बेलग्रेड के एक स्कूल में बुधवार सुबह गोलीबारी की, जिससे कई लोग घायल हो गए। सर्बिया पुलिस ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, पुलिस को सुबह आठ बजकर 40 मिनट के आसपास व्लादिस्लाव रिबनिकार प्राइमरी स्कूल में गोलीबारी की सूचना मिली। बयान के अनुसार, संदिग्ध किशोर सातवीं कक्षा का छात्र है और उसे हिरासत में ले लिया गया है। बयान में कहा गया है कि संदिग्ध ने अपने पिता की बंदूक से अन्य छात्रों और स्कूल के गार्ड पर कई गोलियां बरसाईं। सर्बियाई मीडिया में प्रसारित खबरों के मुताबिक, गोलीबारी में स्कूल के गार्ड की मौत हो गई। पुलिस ने इस घटना के संबंध में फिलहाल कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी है। स्थानीय मीडिया चौनलों पर प्रसारित फुटेज में स्कूल के बाहर बच्चों को लेकर चिंतित अभिभावकों की भीड़ नजर आई। वहीं, पुलिसकर्मी संदिग्ध को गिरफ्तार कर सड़क पर खड़े पुलिस वाहन की तरफ ले जाते दिखाई दिए। व्लादिस्लाव रिबनिकार प्राइमरी स्कूल मध्य बेलग्रेड का एक जाना–माना स्कूल है। पुलिस ने गोलीबारी की घटना के बाद इस स्कूल के आसपास के इलाके को सील कर दिया। सर्बिया में प्राइमरी स्कूलों में कक्षा आठ तक के बच्चे पढ़ते हैं।

होंडा ने अपनी नई मध्यम आकार की एसयूवी को 'एलिवेट' नाम दिया

नयी दिल्ली। होंडा कार्स इंडिया अगले महीने बाजार में अपनी मध्यम आकार की एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) उतारने जा रही है। कंपनी ने इस वाहन को 'एलिवेट' का नाम दिया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा, ''वैश्विक मॉडल की तरह विकसित एलिवेट को अगले महीने वैश्विक रूप से पेश किया जाएगा।'' कंपनी ने कहा कि एलिवेट को दुनियाभर में एसयूवी की भारी मांग को पूरा करने के लिए नए वैश्विक मॉडल के तौर पर विकसित किया गया है। कंपनी ने बताया कि आगामी मॉडल को वैश्विक रूप से सबसे पहले भारत में पेश किया जाएगा। जापानी वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा मोटर कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी होंडा कार्स इंडिया देश में फिलहाल सिर्फ दो मॉडल– 'सिटी' और 'अमेज' बेच रही है। कंपनी देश में तेजी से मजबूत हो रहे एसयूवी खंड में एलिवेट के साथ दोबारा प्रवेश करती दिख रही है। देश में कुल यात्री वाहनों में 47 प्रतिशत हिस्सेदारी एसयूवी खंड की है।

इजराइल के विदेश मंत्री अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे

यरूशलम। इजराइल के विदेश मंत्री अली कोहेन अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। उनकी इस यात्रा को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की इस साल के अंत में होने वाली नयी दिल्ली की यात्रा से पहले तैयारियों से जुड़ी माना जा रहा है। कोहेन 9 से 11 मई तक तीन दिन की भारत यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से बातचीत करेंगे। वह एक दिन मुंबई का दौरा भी करेंगे। यह तीन महीने से कम समय में इजराइल के किसी वरिष्ठ अधिकारी की तीसरी उच्चस्तरीय यात्रा है। इससे पहले इजराइली संसद नेसेट के अध्यक्ष अमीर ओहाना ने मार्च के अंत में और अप्रैल के पहले सप्ताह में भारत का दौरा किया था। वित्त मंत्री निर बरकत ने भी पिछले महीने भारत यात्रा की थी। कोहेन के साथ उद्यमियों का शिष्टमंडल भी आएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में नेतन्याहू को भारत आने का न्योता दिया था।

बरहज पुलिस ने तीन आरोपियों का किया चालान

देवरिया। नगर के तिवारीपुर वार्ड में एक सप्ताह पूर्व पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। मामले में फरार चल रहे आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर चालान कर दिया। मुखबिर की सूचना पर एसएचओ कपिलदेव चौधरी, एसआई सुशील कुमार सिंह आदि ने घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच थाने लाया। पुलिस को दिए तहरीर में विकास मद्धेशिया पुत्र दिनेश ने कहा है कि मोहल्ले के कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर 25 अप्रैल की शाम भाई मनीष मद्धेशिया को मारपीट कर मंदिर के पीछे फेंक दिया था। मामले में पुलिस गंभीर धारा में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इंस्पेक्टर कपिलदेव चौधरी ने बताया कि आरोपी बालचंद्र साहनी, आशीष निषाद उर्फ जल्लू और रोहित निषाद का चालान किया गया है।

गबन के आरोप में ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

देवरिया। बनकटा ब्लॉक के कई ग्राम पंचायतों का कार्यभार संभाल रहे पिपरा उत्तर पट्टी के ग्राम पंचायत अधिकारी को कार्यों में अनियमितता व सरकारी धन के गबन के आरोप में डीएम के आदेश पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। यह प्रकरण ब्लॉक में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय निवासी व पूर्व बीडीसी ओमहरि कुशवाहा ने मई 2022 में ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों में अनियमितता की शिकायत डीएम से की थी। जांच के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी व सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग नामित किया गया था। 10 नवंबर 2022 को आई जांच आख्या में 13 लाख की धनराशि गबन का मामला प्रकाश में आया। इंटरलॉकिंग कार्य व शौचालय निर्माण में अनियमितता की पुष्टि हुई है। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी आरकेश यादव को निलंबित कर दिया गया है।

मुस्तैदी के साथ करें चुनाव ड्यूटी : प्रेक्षक

देवरिया। निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस लाइंस में प्रेक्षक रमाकांत पांडेय, डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी के बारे में गहनता से जानकारी दी। प्रेक्षक ने आदर्श आचार संहिता को पूरी मुस्तैदी के साथ पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में निष्पक्ष तरीके से ड्यूटी करें। छोटी से छोटी सूचना को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करें। इस दौरान डीएम और एसपी ने उप निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को ब्रीफिंग किया। डीएम ने कहा हिक आदर्श आचार संहिता गाइडलाइन का शत–प्रतिशत पालन करने को निर्देश दिया गया है। इसके अलावा मतगणना सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए छह क्षेत्राधिकारी सहित निरीक्षक नौ, उप निरीक्षक 35 मुख्य आरक्षी 360 आरक्षी 1324 सहित एक कंपनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। इसके बारे में भी आला अफसरों ने जानकारी दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी रजीनश राय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर, सहायक कमांडेंट एसएसबी राजन अस्था और सीओ श्रीयश त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

स्वच्छता सर्वेक्षण व पर्यवेक्षण का कार्य करेंगे पंचायत सहायक

महराजगंज। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 817 पंचायत सहायकों की जिम्मेदारी तय की गई है। वे पंचायत भवन पर कार्य करने के साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण व शौचालय के निर्माण आदि का पर्यवेक्षण भी करेंगे। इसमें शिथिलता बरतने वालों की जवाबदेही तय की जाएगी। जिले के 882 ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण, आवेदकों का सत्यापन, जियो टैगिंग के कार्य के पर्यवेक्षण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है। ग्राम स्तर पर तैनात 817 पंचायत सहायकों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। वे न सिर्फ इन कार्यों को कराएंगे, बल्कि मुश्किलों को दूर करने में भी सहायक बनेंगे। जिन ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक नहीं हैं, वहां इन कार्यों को खंड प्रेरक करेंगे। **इन कार्यों को कराने में देंगे योगदानः** शौचालय विहीन परिवारों के शौचालय के लिए ऑनलाइन आवेदन कराना, लाभार्थी के पात्रता का सत्यापन करना, पात्र होने की दशा में खंड प्रेरक व सहायक विकास अधिकारी पंचायत के माध्यम से उनका एमआईएस कराना, अपात्र होने की दशा में लाभार्थी के आवेदन को निरस्त करना इनके काम में शामिल होगा। स्वच्छ भारत मिशन के एप के माध्यम से लाभार्थियों का जियो टैग भी करेंगे। **प्रगति का पता लगाने के लिए चार कर्मियों की हुई तैनातीः** पंचायत सहायकों व खंड प्रेरकों के ओर से किए जाने वाले कार्यों की प्रगति का पता लगाने के लिए कुल चार कर्मियों की तैनाती की गई है। वे आवेदकों को फोन कर प्रतिदिन रिपोर्ट लेंगे व प्रगति का विवरण जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे।

जमीन खरीदते वक्त प्रॉपर्टी डीलर के झांसे में आए तो गवां देंगे रकम

महराजगंज। जमीन खरीदने के पहले पूरी तरह जांच–परख लें, नहीं तो दी हुई रकम से हाथ धोना पड़ सकता है। शहर हो या उसका बाहरी इलाका, कहीं से भी गुजरते हुए आपको प्रॉपर्टी डीलरों के बैनर–पोस्टर नजर आ जाएंगे। जमीनों की खरीद–फरोख्त की सूचना पढ़कर झांसे में आने पर आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। लोग अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई जमीन में लगाते हैं, लेकिन थोड़ी सी असावधानी होने पर दर–दर की ठोकर खानी पड़ती है। सदर तहसील क्षेत्र में तमाम स्थानों पर जमीन बेचने वालों ने बोर्ड लगा रखा है। खाली जमीन का बोर्ड लगाकर मोबाइल फोन नंबर लिख दिया जाता है। लोग संपर्क कर जमीन खरीदने के लिए जाते हैं, तो उनसे लुभावनी बातें कर झांसे में प्रॉपर्टी डीलर ले लेते हैं। जमीन खरीदने वाले अगर जांच–पड़ताल नहीं करते हैं तो रकम खर्च करने के बाद भी फंस जाते हैं। प्रॉपर्टी डीलर निबंधन कार्यालय से लेकर तहसील तक अपनी साठगांठ बना रखें हैं। किसानों की जमीनों का एग्रीमेंट कराने के बाद उसे अपने हिसाब से रेट तय कर बेचते हैं। ग्राहकों को लुभाते हुए रजिस्ट्री के बाद तत्काल कब्जा दिलाने व फिर खारिज दाखिल कराने की बात करते हैं, लेकिन भूमि खरीदने के बाद मालूम होता है कि धोखाधड़ी हुई है। ऐसे कई मामलों में पुलिस तक शिकायत पहुंचने के बाद भी कार्रवाई नहीं होती है। पुलिस के अनुसार जब भी ऐसी शिकायत आती है तो त्वरित कार्रवाई की जाती है। जमीन खरीदने से पहले किसी के झांसे में न आएं, पहले जमीन के बारे में पता करें। सभी प्रपत्रों की जांच करने के बाद ही जमीन खरीदें।

भारत-नेपाल सीमा 48 घंटे के लिए सील

महराजगंज । नगर निकाय चुनाव के मतदान के 48 घंटे पहले भारत–नेपाल की सोनौली व ठूठीबारी सीमा सील कर दी गई है। इस दौरान दोनों देशों के नागरिकों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद रहेगी। भारत–नेपाल की सीमा दो मई की शाम छह से चार मई की शाम छह बजे तक 48 घंटे के लिए सील रहेगी। एसएसबी बीओपी इंचार्ज जय प्रकाश सिंह ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है। पेट्रोलिंग के साथ सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर जांच की जा रही है। दो मई से चार मई तक के बीच शादी समारोह या अन्य मांगलिक कार्यक्रमों में भारत या नेपाल आने–जाने वालों के लिए समस्या हो गई है। इसके लिए एसडीएम से अनुमति लेकर ही आना–जाना पड़ेगा।

ऐसे हैं 280 गांव, जहां का नक्शा ढूंढे नहीं मिल रहा

जिले के राजस्व अभिलेखागार से मानचित्र रखरखाव के अभाव में फटकर हो गए नष्ट, गांवों में भूमि विवाद के बढ़ रहे मामले

देवरिया। जिले के राजस्व अभिलेखागार से 280 गांवों के मानचित्र रख–रखाव के अभाव में फट कर नष्ट हो गए हैं, जबकि 35 गांवों के नक्शे गायब हो गए हैं। इसके चलते गांवों में भूमि विवाद के मामले बढ़ रहे हैं। वहीं इन गांवों में नक्शे का डिजिटलाइजेशन का कार्य भी नहीं हो पा रहा है। नक्शा के लिए पहुंचने वाले लोगों को निराश लौटना पड़ रहा है।

जिले के 2178 ग्रामों में 2258 भू नक्शे हैं। शासन ने भू–नक्शों को डिजिटिलाइजेशन करने का कार्य चार साल पहले शुरू किया था, जो जनपद में अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। 1898 गांवों के 1965 भू नक्शे राजस्व अभिलेखागार में उपलब्ध हैं, जिनका डिजिटिलाइजेशन किया जा चुका है। तहसील के माध्यम से 1570 का आरओआर लिंकिंग का सत्यापन भी हो चुका है। दो गांव चकबंदी सर्वे की प्रक्रिया में हैं तो 11 गांवों में चकबंदी का कार्य किया जा रहा है। इसमें आठ गांव गैर आबाद हैं। रुद्रपुर तहसील के 136 गांवों का सत्यापन किया जाना बाकी है, जबकि भाटपाररानी के 238 और बरहज के 239 गांव हैं। विभागीय सूत्रों की बातों पर गौर किया जाए तो डिजिटिलाइजेशन के दौरान नक्शा स्पष्ट न होने के कारण काफी दिक्कत आ रही है। कई गांवों में सड़क, आबादी की भूमि से गायब है तो कहीं गाटा संख्या की जानकारी नहीं मिल पा रही है। 293 गांवों के मानचित्र गंदे हैं तो कुछ को दीमक चाट चुके हैं, जिससे काम प्रभावित हो रहे हैं। 35 गांव का नक्शा ढूंढे नहीं मिल पा रहा है। इससे ग्रामीण परेशान हैं।

दर्ज हो चुका है मुकदमा

काफी समय पहले अभिलेखागार में बाहरी लोगों का दखल होने के कारण विभागीय मिलीभगत से कुछ नक्शे गायब हो गए हैं। इसके पीछे बड़ा खेल बताया जा रहा है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। उन्हें अपने गांव की भूमि का सत्यापन कराने में दिक्कतें आ रही हैं। इस मामले में करीब दो साल पहले कुछ कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था, लेकिन नक्शा ढूंढने में पुलिस असफल रही और विवेचना के दौरान पुलिस ने कुछ आरोपियों के नाम भी निकाल दिए। रुड़की से नक्शा आने की आस में ग्रामीणः जनपद के अभिलेखागार से गायब नक्शा और नष्ट हुए नक्शे की शिकायत आला अफसरों ने राजस्व परिषद से की थी, लेकिन एक साल का समय बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अब एक बार फिर से राजस्व विभाग रुड़की से नक्शा मंगवाने के प्रयास में जुट गया है। अब देखना है कि आने वाले समय में प्रशासन का यह प्रयास कितना कारगर हो रहा है।

जीवन को बदरंग बना रहे खाने में मिलावटी रंग

खाद्य पदार्थों में मिलावटी रंग ट्यूमर, एनीमिया, लकवा और कैंसर जैसी बीमारियों को दे रहे जन्म

देवरिया। पकहां गांव निवासी सुदर्शन 10 साल से बाहर रहकर फैक्ट्रियों में काम करते थे। खाना बनाने की आदत नहीं थी। सुबह जलेबी, चना खाकर नास्ता करते दोपहर के वक्त ठेला–खोमचा पर जो कुछ मन करता खा लेते थे। शाम का रूटीन भी कुछ ऐसा ही था। तीन माह पहले उनके पेट में दर्द हुआ तो डॉक्टर से दिखाया। परेशानी बढ़ने पर गांव चले आए। अल्ट्रासाउंड की जांच में पता चला कि उनके पेट में ट्यूमर है। चिकित्सक ने बताया कि बाहर के खाद्य पदार्थ के सेवन के चलते यह परेशानी शुरू हुई है। ऐसी बीमारी के शिकार सिर्फ सुदर्शन ही नहीं हैं। जिले में रोजाना करीब सौ लोग मिलावटी खानपान के चलते तमाम तरह की बीमारियों से पीड़ित होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। शहर में खुले अलग–अलग अस्पतालों में हर दिन सौ से अधिक लोगों का ऑपरेशन हो रहा है। इनमें आधे से अधिक मरीज पथरी और ट्यूमर के तो बाकी अन्य बीमारियों से ग्रसित होते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि मिलावटी खानपान के चलते लोगों को इस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रसायनिक रंग दे रहे जानलेवा बीमारियों को जन्मः सीएमएस डॉ. एचके मिश्रा के अनुसार दाल, हल्दी, बेसन को आकर्षक बनाने के लिए रसायनिक रंगो का प्रयोग किया जा रहा है। ये रंग सेहत के लिए बेहद खतरनाक हैं। अखाद्य रंगों के सेवन से गुर्दे, तिल्ली और लिवर को क्षति पहुंचती है। ट्यूमर, एनीमिया, लकवा और कैंसर का भी खतरा रहता है। खाद्य एवं औषधि निरीक्षण विभाग की जांच में ऐसे छह नमूने खतरनाक मिले हैं।

बूथों पर रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

दैनिक बुद्ध का सन्देश

महराजगंज। नगर निकाय मतदान को सकुशल पूरा कराने के लिए

पोलिंग पार्टियां बुधवार को निर्धारित स्थलों से बूथों के लिए रवाना हो गई। डीएम सत्येन्द्र कुमार ने समेकित विद्यालय पर पार्टियों की रवानगी का निरीक्षण किया। इसमें नगर पालिका परिषद महराजगंज की पोलिंग पार्टी समेकित विद्यालय धनेवा धनेई से, नगर पालिका परिषद नौतनवा की पोलिंग पार्टी तहसील मुख्यालय नौतनवा से, नगर पंचायत आनंदनगर की तहसील मुख्यालय आनंदनगर से, नगर पंचायत निचलौल की पोलिंग पार्टी तहसील मुख्यालय निचलौल से, नगर पंचायत घुघली की समेकित विद्यालय धनेवा धनेई, नगर पंचायत सोनौली की तहसील मुख्यालय नौतनवा, नगर पंचायत पनियरा की समेकित विद्यालय धनेवा धनेई, नगर पंचायत परतावल की समेकित विद्यालय धनेवा धनेई में, नगर पंचायत बृजमनगंज की पोलिंग पार्टी तहसील मुख्यालय फरेंदा, नगर पंचायत चौक की समेकित विद्यालय धनेवा धनेई से पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। मतदान गुरुवार को जिले के दस निकायों के 286 बूथों पर होगा।

प्रत्येक दशा में तटस्थता बनाए रखेंगे मतदान कार्मिक : प्रेक्षक

चुनाव प्रेक्षक, डीएम व एसपी ने की पुलिस और अर्ध सैनिक बलों की ब्रीफिंग

देवरिया। नगरीय निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रेक्षक व वरिष्ठ आईएएस रमाकांत पांडेय, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस लाइंस प्रेक्षागृह में पुलिस व अर्ध–सैनिकबलों की ब्रीफिंग कर चुनाव के दौरान आने वाली विभिन्न आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिससे शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान सकुशल संपन्न कराया जा सके। प्रेक्षक रमाकांत पांडेय ने कहा कि निर्वाचन के दौरान नियमों का शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित करना प्राथमिक दायित्व है। मतदान कार्मिकों को प्रत्येक दशा में तटस्थता बनाए रखनी है। नगरीय निकाय मतदाता सूची में जिनका नाम है, वही वोटर माने जाएंगे। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को पीठासीन अधिकारी के निर्देशन में कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि मतदान केंद्र की 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री, झंडा, बैनर, पोस्टर इत्यादि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान के पश्चात मतपेटियों को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में जमा कराना, पीठासीन अधिकारी के साथ सुरक्षाकर्मियों का भी प्राथमिक दायित्व है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 48 घंटे पूर्व शाम से साइलेंस ऑवर शुरू हो जाएगा।

इस दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशानुसार कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार नहीं कर सकेगा। मतदान के 48 घंटे पूर्व शराब की समस्त दुकानें बंद करने का निर्देश दिया गया है, जो आज शाम छह बजे से लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान के 48 घंटे पूर्व बाहरी मतदाताओं को क्षेत्र से बाहर जाने का निर्देश है। मतदान करने वाले प्रत्येक मतदाता की उंगली पर अनिवार्य रूप से स्याही लगाई जाए। आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराया जाएगा। मतदान के दौरान अराजकता फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि प्रत्येक चुनाव चुनौतीपूर्ण होता है, चुनाव ड्यूटी को गंभीरता से लेना चाहिए। इसमें लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं होती है। मतदान केंद्र के अंदर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की भली–भांति तलाशी ली जाए। किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस व मोबाइल मतदान केंद्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पोलिंग एजेंट को भी मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। यथा स्थान बैरिकेडिंग की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतदान के 48 घंटे पूर्व बॉर्डर सील कर दिए जाएंगे। प्रत्येक संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन की जांच की जाएगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय, एएसपी डॉ. राजेश सोनकर, सहायक कमांडेंट एसएसबी राजन अस्था आदि मौजूद रहे।

डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान जारी

भाजपा प्रत्याशी अंजना पांडे को मिला अपार जनसमर्थन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। भाजपा के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करने वाले भाजपा प्रत्याशी अंजना पांडेय द्वारा डोर टू डोर जनसंपर्क कर लोगों से जन समर्थन मांगा जा रहा हैं। आपको बता दें कि इस बार भाजपा प्रत्याशी अंजना पांडेय

पर भरोसा जताते हुए भाजपा ने उन्हें मेंहदावल नगर पंचायत से प्रत्याशी बनाया है। निकाय चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी द्वारा मेंहदावल नगर पंचायत क्षेत्र के अनेको वार्डों में लोगों से जनसंपर्क कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए जनता से भाजपा के लिए वोट करने की अपील किया जा रहा हैं। बता दे कि आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मेंहदावल नगर पंचायत में अनेको विकास कार्यो को करवाया है। प्रदेश के सबसे पुराने नगर पंचायत में एक बार फिर नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी अंजना पांडेय हमेशा से ही भारतीय जनता पार्टी के विचारों को लेकर चलती रही है और निरंतर उन्होंने जनहित और जनकल्याण के लिए कार्य किया है। विद्यालय प्रबंधन के साथ ही समाज सेवा से जुड़कर सामाजिक कार्यों में रुचि रखते हुए भाजपा के विचारों पर चलकर उन्होंने जनता की सेवा की। उन पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने भरोसा जताते हुए मेंहदावल नगर पंचायत से प्रत्याशी बनाया है। भाजपा प्रत्याशी अंजना पांडेय द्वारा नित प्रतिदिन मेंहदावल क्षेत्र के अनेकों वार्डों में चलकर सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए लोगों से जन समर्थन मांगा जा रहा हैं। एक संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने बताया कि जनता के बीच रहकर जनता की सेवा करने का मौका मिला है और जनता का अपार समर्थन प्यार मिल रहा है निश्चित तौर पर जीत हमारी है। जनता का अपार समर्थन व प्यार मिल रहा है। जनता का पूरा विश्वास भारतीय जनता पार्टी के प्रति दिख रहा है।

मेडिसिन वार्ड में बच्चों के लिए बढ़ेंगे दस बेड

महराजगंज। ईटीसी वार्ड (इमरजेंसी ट्रीटमेंट सेंटर) में जल्द ही मरीजों का दबाव कम होगा। क्योंकि, इस वार्ड के ठीक सामने मेडिसिन वार्ड को बच्चों का वार्ड बनाने की कवायद तेज कर दी गई है। इस वार्ड में 16 वर्ष से कम उम्र के मरीजों को भर्ती किया जाएगा। दोनों कमरे एसी से लैस किए जा रहे हैं। जिला अस्पताल के ईटीसी वार्ड में पेट दर्द, तेज बुखार, निमोनिया, डायरिया सहित अन्य बीमारियों के मरीजों को भर्ती किया जाता है। वार्ड में जगह कम होने के कारण यहां केवल दस बेड ही हैं। इससे मरीजों के बढ़ने पर एक बेड पर दो से तीन मरीजों को रखा जाता है। मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा देने की कोशिश की जा रही है। मेडिसिन वार्ड के दो कमरों को बच्चों का वार्ड बनाया जा रहा है। दो कमरों में आठ–आठ बेड के साथ एक–एक एसी लगाई जाएगी। जिला अस्पताल में बच्चे का इलाज कराने आए घुघली क्षेत्र के रामेश्वर ने बताया कि बच्चों के इलाज के लिए अगल वार्ड बनने से सुविधा बढ़ेगी। जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. एपी भार्गव ने बताया कि दो कमरों में 16 बेड लगाए जा रहे हैं। हर कमरे में एसी लगेगी। बेड बढ़ जाने में इलाज में परेशानी नहीं होगी। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल चौधरी ने बताया कि एक बेड पर एक ही मरीज को भर्ती किया जाना जरूरी है। इसे देखते हुए बेड बढ़ाए जा रहे हैं। ओपीडी में आते हैं 500 से 700 मरीजः एक दिन में ओपीडी में 500 से 700 मरीज आते हैं। इनमें 40 से 50 बच्चे शामिल होते हैं। गंभीर मरीजों को भर्ती किया जाता है। कभी–कभी तो 10 बेड पर 15 मरीजों को भर्ती करना पड़ता है। इसे देखते हुए दो कमरे में 16 बेड बढ़ाए जाने की तैयारी चल रही है।

गंभीर रोगियों का होगा इलाजः डायरिया, तेज बुखार, पेट दर्द, निमोनिया सहित अन्य बीमारियों से बीमार बच्चों को इस वार्ड में भर्ती किया जाएगा। बेड की संख्या अधिक होने से अधिक मरीजों को उपचार किया जा सकेगा।

कपरवार–रुद्रपुर मार्ग पर फैला नाले का प्रदूषित पानी, बढ़ीं दुश्वारियां

देवरिया । आदर्श ग्राम कपरवार में रुद्रपुर मार्ग पर नाले का प्रदूषित पानी फैल रहा है। सड़क पर जलजमाव की स्थिति हो गई है। फैले प्रदूषित पानी से सड़क किनारे बसे एक दर्जन से अधिक घरों के लोग प्रभावित हैं। वहीं सड़क से आने–जाने वाले लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। रुद्रपुर और बरहज विधानसभा को जोड़ने वाले कपरवार–रुद्रपुर मार्ग पर कन्या जूनियर हाईस्कूल के निकट नाले ओवरफ्लो हो गया है, इससे प्रदूषित पानी बह रहा है। इससे सड़क ने नाले का रूप ले लिया है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर पिछले कुछ दिनों से प्रदूषित पानी के जमाव के कारण सड़क पर जगह–जगह गड्ढे बन गए हैं। गाड़ियों की आवाजाही के कारण अक्सर लोगों के प्रदूषित पानी के छींटों से कपड़े खराब हो जा रहे हैं। वहीं गड्ढों में गिरकर लोग कीचड़ से सराबोर हो जा रहे हैं। सड़क पर फैले प्रदूषित पानी से उठने वाली दुर्गंध के कारण अगल–बगल निवास करने वालों का जीवन मुहाल हो गया है। एसडीएम योगेश कुमार ने बताया कि जलनिकासी का समुचित प्रबंध कराकर जलभराव दूर कराया जाएगा।

मुस्लिम समाज के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गोष्ठी का हुआ आयोजन

किसी भी धर्म अनादर ठीक नहीः डॉ0 इंद्रेश कुमार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। राष्ट्रीय मुस्लिम आरएसएस द्वारा होटल डिजायर उरमौरा रॉबर्ट्सगंज में मुस्लिम समाज के लोगो के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ इंद्रेश कुमार अखिल भारतीय कार्यसमिति सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संरक्षक व मार्गदर्शक मुश्लिम राष्ट्रीय मंच) एवं विशिष्ठ अतिथि डॉ राजीव श्रीवास्तव (प्रवक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल भारत संस्थान, एवं विभाग प्रचारक प्रवेश कुमार आरएसएस, जिला प्रचारक दीपक कुमार रॉबर्ट्सगंज, सदर विधायक भूपेश चौबे सह जिलाकार्यवाह पंकज, मनोज जालान एवं महेश कुमार नगर कार्यवाह, यादवेन्द्र दत्त द्विवेदी जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, डॉ गोपाल सिंह, दयाशंकर पाण्डेय, राजेश मिश्रा, नारसिंह पटेल, ई. प्रकाश पाण्डेय राष्ट्रीय अध यक्ष तेजस्वी संगठन, अभय कांत दुबे, धीरेंद्र जायसवाल, अनिल सिंह, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी सलीम हुसैन जिला संयोजक राष्ट्रीय मुस्लिम मंच ने किया इस कार्यक्रम में डॉ इंद्रेश कुमार ने बताया कि किसी भी धर्म का निरादर नही करना, सभी धर्म का सम्मान करना चाहिए हम सभी भारतीय है हम सभी भाई भाई है। सभी भारत देश वासियों के डीएनए एक है। हम सभी भारतीय है। कुरान, बाइबल, गीता, सभी धर्म गर्न्थो में बताया गया है कि जन्मभूमि, मातृभूमि, राष्ट्रभूमि की रक्षा सबसे बड़ा ध र्म है। ना पैसे से ना धर्म से बल्कि सच्चे किरदार से इंसान की पहचान होती है। अच्छा कर्म करने वाले को नेक आदमी कहते है और खघ्राब कर्म करने वालो को शैतान कहा जाता है। आज पाकिस्तान के लोगो को धीरे ध ीरे लग रहा है कि हमारे साथ 1947 का बंटवारा गलत हुआ और हमारे साथ धोखा हुआ। भारत देश का बंटवारा हुआ किंतु बटवारा से पहले भारत देश मे सभी सनातनी थे। सनातन ध र्म से ही सभी के पूर्वज रहे है। चाहे वो किसी भी धर्म का हो सभी के पूर्वज सनातनी ही रहे है। डॉ इंद्रेश ने बताया कि समलैंगिकता पूरी तरह से प्रकृति के खिलाफ है। अगर दो पुरुष या महिलाएं आपस मे समलैंगिक विवाह कर लेते है तो उनका रिश्ता किस प्रकार से परिवार व समाज को स्वीकार्य होगा। इंसानों की उत्पत्ति किसी मसीन ने नहीं किया बल्कि प्रकृ ति के द्वारा किया गया है। इसलिये प्रकृति के नियमो से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं ही जिससे समाज मे वैमनस्यता का प्रादुर्भाव उत्पन्न हो। मो0 अजहरुद्दीन क्षेत्रीय संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश, मकसूद आलम क्षेत्रय सह संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश, वकील अहमद खान जिला सह संयोजक, रमीज आलम (पसमांदा जिलाध्यक्ष), काशिम हुसैन पूर्व ब्लॉक प्रमुख बभनी सोनभद्र मो0 आरिफ खान, आरिफ खान, शरीफ अहमद, मुख्तार खान, इस्तियाक अली, सहीद खान, इमरान खान, डॉ इस्माईल, शाहेनूर आलम, ख्वाजा खान, इमरान बक्शी, मोइनुदीन, मोहम्मद कैफ, अनुज कुमार सिंह, अभय मालवीय, अभिषेक मिश्रा आदि काफी संख्या में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवैध कब्जा हटाने के लिये मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोंनभद्र। सँयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश संगठन सचिव अधिवक्ता उमापति पांडेय ने जनपद की सदर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा घूरमा, पोस्ट राबर्टसगंज की सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने की माँग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि आ0 स0–201 जो श्रेणी –6 की जमीन है तथा सिँचाई के बंधी का भीटा और कई गाँव का संपर्क मार्ग है। उक्त भूमि पर उसी गाँव के काश्तकार सर्वेश व दीपू पुत्रगण सियाराम विश्वकर्मा भीटा काटकर कब्जा कर रहे हैं जिससे लोगों को आने जाने में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा। श्री पांडेय का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर संदर्भ संख्या 40020023002404 के द्वारा 24 फरवरी 2023 को भी शिकायत किया था पर अभी तक उक्त अवैध कब्जा हटाया नही जा सका है। इतना ही नहीं ग्रामवासियों द्वारा कब्जा हटाने हेतु कहने पर कब्जाधारियों द्वारा विवाद की स्थिति पैदा करने की बात की जा रही है जिससे गाँव मे कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। अधिवक्ता उमापति पांडेय ने मुख्यमंत्री से माँग की है कि सक्षम अधिकारी द्वारा मौके की जाँच करवाकर जनहित में जल्द से जल्द अवैध कब्जा हटाने हेतु जिला प्रशासन को आदेशित किया जाए।

51 फीट ऊंचा, 21 फीट लंबा धर्मध्वज स्थापित

जंगली दास भिखारी बाबा अब 21 मई से चुर्क में कराएंगे विराट रूद्र महायज्ञ एवं रामकथा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। चुर्क स्थित वन रेंज कार्यालय के सामने नवनिर्मित आदि

शक्ति सदा शिव मंदिर धर्म स्थल तपोभूमि परिसर में बुधवार को वैदिक रीति से पूजन अर्चन कर 51 फीट ऊंचा एवं 21 फीट लंबा धर्मध्वज स्थापित किया गया। यहां पर जंगली दास भिखारी बाबा 21मई से नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं रामकथा कराएंगे। जिसका समापन 30 मई को होगा। जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है। प्रतिदिन आरती होगी,विशाल भंडारा चलेगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि चुर्क स्थित वन रेंज कार्यालय के सामने नवनिर्मित आदि शक्ति सदा शिव मंदिर उपासना स्थल परिसर में बुधवार को आचार्य राधेकृष्ण तिवारी व आचार्य रेवती तिवारी के जरिए वैदिक रीति से पूजन अर्चन कर 51 फीट ऊंचा 21 फीट लंबा धर्मध्वज स्थापित किया गया है। यहां पर 21 मई से नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ, रामकथा का आयोजन किया गया है। जिसका समापन 30 मई को होगा। मंदिर समिति के संयोजक एडवोकेट सुरेंद्र त्यागी ने बताया कि 21 मई को नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 22 मई को भगवान की झांकी, कलश यात्रा, कलश स्थापना व अग्नि प्रवेश के साथ ही विराट रूद्र महायज्ञ शुरू होगी। प्रतिदिन आरती एवं रामकथा होगी। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन विशाल भंडारा भी चलेगा, ताकि श्रद्धालु कथा श्रवण के साथ ही प्रसाद भी ग्रहण कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि 30 मई को विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट कसारी रामगढ़ व विराट रूद्र महायज्ञ समिति चुर्क के पदाधिकारी,सदस्य व कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। रामचंद्र, रामवृक्ष, रामसूरत,मनोज केशरी, जनरैल सिंह, बच्चालाल जायसवाल, मीरा यादव, अमित कनौजिया, विशाल, विजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनोज सिंह, जितेंद्र गुप्ता, आलोक रावत, बुद्धिराम यादव, गोपाल केशरी, सुभाष मोदनवाल, कृष्णावती, मुन्नी, सरोज सिंह, कृष्णा, संगीता, राजकुमारी, लीलावती, हीरावती, निशा, अजय कुमार यादव, रमाशंकर आदि लोग मौजूद रहे। उन्होंने विराट रुद्र महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है।

पोलिंग पाटियों को हैण्ड सेनेटाईजर तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थायें की जाये सुनिश्चितः जिला निर्वाचन अधिकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0ध न0नि0) चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद में मतदान दिनांक–11.05.2023 तथा मतगणना दिनांक–13.05.2023 को होना निर्धारित है मतदान हेतु मतदान पार्टियॉ निम्न स्थलों से दिनांक–10.05.2023 को मतदान हेतु प्रस्थान करेंगी तथा दिनांक–11.05.2023 को मतदान के उपरान्त वापस आयेगी। दिनांक–13.05.2023 को मतगणना निम्न स्थलों पर सम्पन्न करायी जायेगी नगर पंचायत घोरावल की पोलिगं पार्टी तहसील मुख्यालय घोरावल से प्रस्थान करेगी तथा मतगणना तहसील मुख्यालय घोरावल पर ही सम्पन्न करायी जायेगी इसी प्रकार से नगर पालिका परिषद रावर्ट्सगंज, नगर पंचायत चुर्क–घुर्मा की पोलिंग पार्टी राजकीय पालीटेक्निक कालेज लोढ़ी रावर्ट्सगंज, सोनभद्र से प्रस्थान करेगी तथा मतगणना राजकीय पालीटेक्निक कालेज लोढ़ी रावर्ट्सगंज, सोनभद्र में की जायेगी, नगर पंचायत ओबरा, डाला बाजार एवं चोपन की पोलिंग पार्टीया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा से प्रस्थान करेगी तथा मतगणना कार्य भी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा में कराया जायेगा इसी प्रकार से नगर पंचायत दुद्धी, रेनुकूट, पिपरी एवं अनपरा की पोलिंग पार्टी भाउराव देवरस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुद्धी सोनभद्र से प्रस्थान करेगी तथा मतगणना का कार्य भी भाउराव देवरस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुद्धी सोनभद्र में कराया जायेगा उन्होंनें कहा कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 तथा कोविड–19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए निम्नानुसार व्यवस्थायें करने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया है कि सेनेटाईजर की बोतल प्रत्येक मतदान स्थल हेतु उपलब्ध करायी जाये तथा पार्टी प्रस्थानध्वापसी तथा मतगणना केन्द्रों को निर्धारित दिनांक को कोविड हेल्प डेस्क बनाते हुए अन्य आवश्यक दवाओं सहित 3–4 डॉक्टर एम्बुलेन्स सहित मौके पर तैनात किये जाये और मतदान दिवस से एक दिन पूर्व तथा मतदान दिवस के दिन अर्थात् दिनांक 10.05.2023 एवं 11.05. 2023 को नगर निकायों में स्थित पी0एच0सी0ध्सी0एच0सी0 24 घण्टे खुली रहेंगी और वहॉ आवश्यक दवाओं के साथ डॉक्टर तैनात रहेंगे।

गोवध निवारण अधिनियम एक गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक, डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करमा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–43ध2023 धारा 3ध5ध5एध8 गोवध निवारण अधिनियम अधिनियम से सम्बन्धित प्रकरण में वाँछित एक नफर अभियुक्त तेजू यादव पुत्र कमला यादव निवासी ग्राम सरईगढ़ थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष बुद्धवार को पगिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

राजकीय पुस्तकालय के मरम्मत कार्य का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिलाधिकरी चन्द्र विजय सिंह ने जनपद के छपका में स्थित राजकीय पुस्तकालय के मरम्मत कार्य का औचक निरीक्षण किये निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि राजकीय पुस्तकालय के मरम्मत का कार्य निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित कराया जाये मरम्मत के कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक आर0पी0 यादव द्वारा बताया गया कि राजकीय पुस्तकालय के मरम्मत का कार्य सासंद हरदीप सिंह पूरी जी के विकास निधि से लगभग 22 लाख रूपये की लागत से कराया जा रहा है। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक कार्यालय के ऊपर बने हॉल का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने हॉल परिसर की साफ–सफाई एवं रंग–रोगन की व्यवस्था बेहतर तरीके से करने हेतु परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 को निर्देशित किये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिम्मदारों से पूछता गोरखपुर.....

शहरभर में संचालित हो रहे अवैध हॉस्पिटल व क्लीनिक पर कार्रवाई कब?

गोरखपुर। मुख्यमंत्री के शहर में अवैध क्लीनिक व अस्पताल का संचालन धड़ल्ले से हो रहे हैं इन डॉक्टरों के चुंगल में फंसकर मरीज आए दिन अपनी जान गंवा रहे हैं। अहम बात यह है जिस अफसर पर इनकी निगरानी की जिम्मेदारी है वह एसी कमरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। इस बाबत बीजेपी के वरिष्ठ नेता रमाकांत पाण्डेयष्राजूष ने स्वास्थ्य विभाग को कठघरे में खड़ा करते हुए मुख्यमंत्री से घशिकायत दर्ज कराने की बात कही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में अस्पताल–क्लीनिक अवैध तरीके से चल रहे हैं।तमाम घशिकायत बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अफसर जांच का हवाला देकर उसमें लीपापोती कर रहे हैं। गोरखपुर में अवैध रूप से क्लीनिक और अस्पताल संचालित होने के कई मामले उजागर हो चुके हैं जिसमे मेडिकल रोड पर स्थित आरोग्य मंदिर के पास टीन शेड में संचालित सेंटर फॉर ब्रेन एंड स्पाइन जोकि पूर्णतया मानक के विपरीत है। वहीं आईकॉन हॉस्पिटल जोकि बगैर कई मानकों के विपरीत धड़ल्ले से चलाया जा रहा है जिसमें ओपीडी,मेडिकल स्टोर,पैथोलॉजी, ईसीजी,मरीज भर्ती की सुविधा इत्यादि उपलब्ध है जबकि दोनों हॉस्पिटल मानक के विपरीत हैं। सूत्रों के हवाले से यह भी पता चला है कि सेंटर फॉर ब्रेन एंड स्पाइन जिस भूमि पर संचालित हो रहा है वह भूमि न्यायालय गोरखपुर में वाद लंबित होने के कारण यह जमीन विवादित भी है। आखिर किसके रहमो करम पर यह हॉस्पिटल शहर के बीचो बीच संचालित हो रहे हैं? बताते चलें कि दोनों हॉस्पिटलों के विरुद्ध सीएमओ, अपर स्वास्थ्य निदेशक, डीजी स्वास्थ्य, डीएम,कमिश्नर आदि को कार्रवाई के लिए पत्र भी दिया जा चुका है जबकि कार्रवाई शून्य के बराबर है। जबकि मीडिया द्वारा उपरोक्त मामला सीएमओ गोरखपुर को अवगत भी कराया गया था लेकिन करवाई करने के बजाए जिम्मेदार अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। भाजपा नेता रमाकांत पाण्डेय ष्राजूष ने मीडिया से बातचीत में बताया कि डॉ. सौरव श्रीवास्तव जोकि अपने आप को वरिष्ठ न्यूरो सर्जन बताते हैं उसके साथ साथ टीन शेड में धड़ल्ले व अवैध तरीके से सेंटर फॉर ब्रेन एंड स्पाइन चलाते हैं।

ग्राम प्रधानों के लिए डिजिटल साक्षरता पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

घोरावल,सोनभद्र। पंचायत भवन शिवद्वारी पर बुधवार को

उपजिलाधिकारी घोरावल और चौकी प्रभारी शिवद्वार की उपस्थिति में साइबर सुरक्षा पर इसरा इंडिया के सह संस्थापक अभिषेक अग्रवाल तथा कोडाफोन के रंजन पांडेय के द्वारा ग्राम प्रधानों और अन्य उपस्थित लोगों को बताया गया। सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के उपाय की जानकारी तथा डिजिटल सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी गयी।

जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

जिलाधिकारी	मो0:– 9454417530
मुख्य विकास अधिकारी	मो0:– 9454464749
एस डीएम नौगढ़	मो0:– 9454415936
एस डीएम बांसी	मो0:– 9454415937
एस डीएम डुमरियागंज	मो0:– 9454415939
एस डीएम इटवा	मो0:– 9454415939
एस डीएम शोहरतगढ़	मो0:– 9454415940
पुलिस अधीक्षक	मो0:– 9454400305
थाना मोहाना	मो0:– 9454404239
थाना जोगिया उदयपुर	मो0:– 9454404235
थाना गोलौरा	मो0:– 9454404233
थाना पथरा बाजार	मो0:– 9454404240
थाना त्रिलोकपुर	मो0:– 9454404243
थाना उसका बाजार	मो0:– 9454404244
थाना शोहरतगढ़	मो0:– 9454404241
थाना खेसरहा	मो0:– 9454404236
थाना इटवा	मो0:– 9454404234
थाना चिल्हिया	मो0:– 9454404229
थाना ढेबरूआ	मो0:– 9454404230
थाना भवानीगंज	मो0:– 9454404228
थाना मिश्रौलिया	मो0:– 9454404238
थाना सि0नगर	मो0:– 9454404242
थाना डुमरियागंज	मो0:– 9454404232
थाना लोटन	मो0:– 9454404237
महिला थाना	मो0:– 9454404891

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक

स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक

राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी तरीके से कराये सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं निष्पक्षता पूर्ण सम्पन्न कराने के लिये जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुद्धवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज लोढ़ी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को शान्ति पूर्ण सकुशल एवं निष्पक्षता पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराना है समस्त मास्टर ट्रेनर्स की यह जिम्मेदारी है कि मतदान कार्मिकों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान सभी महत्वपूर्ण बिन्दु को विस्तारपूर्वक समझायें और निर्वाचन की प्रक्रिया को पूर्ण रूप से उन्हें बतायें ताकि निर्वाचन के दिन उन्हें कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। निर्वाचन दिनांक 11 मई,2023 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक का होगा। मतदान केन्द्रों पर कोई न तो धूम्रपान का प्रयोग करेगा न ही मोबाइल लेकर जायेगा और उसका कोई प्रयोग नही करेगा अन्यथा की स्थिति में उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान उन्होनें कहा कि एक पोलिंग पार्टी में पीठासीन प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी एवं तृतीय मतदान अधिकारी रहेगें, पीठासीन अधिकारियों को अपनी पोलिंग पार्टी का पूरा विवरण रखना होगा। इस दौरान उन्होने निर्वाचन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर चर्चा भी की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, डी0सी0 मनरेगा रमेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

किया है।

क्या आप भी करते हैं कई घंटों की सिटिंग जॉब, इन बातों का ध्यान रख रहें हेल्दी

लोग अपने जीवन–यापन के लिए विविध काम करते हैं। इन्हीं में से कुछ लोग 8 से 9 घंटे तक सिटिंग जॉब करते हैं। कई लोग सिटिंग जॉब को एक बेहद ही आराम की नौकरी मानते हैं। लेकिन काम के चलते ऑफिस में घंटों कुर्सी पर बिताने की वजह से यह आराम की नौकरी कई शारीरिक और मानसिक समस्याओं का कारण बन जाती हैं। ब्लड प्रेशर, कमर दर्द, डायबिटीज, मोटापा, डिप्रेशन जैसी समस्याओं का कारण भी सिटिंग जॉब बन सकती हैं। ऐसा नहीं है कि आप खुद को अधिक हेल्दी बनाए रखने के लिए नौकरी छोड़ दें। बस जरूरत है कि आप थोड़ा स्मार्ट तरीके से अपने काम व हेल्थ को मैनेज करें। इसलिए आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसी जरूरी बातों की जानकारी देने जा रहे हैं जिन्हें ध्यान में रख खुद को हेल्दी रखा जा सकता हैं।

अपनाएं एक्टिव लाइफस्टाइल

चूंकि आप अपने दिनभर का समय बैठकर बिताते हैं। जिसके कारण आप फिजिकली रूप से एक्टिव नहीं होते हैं। इसलिए अगर आप खुद को हेल्दी रखना चाहते हैं तो कोशिश करें कि आप एक एक्टिव लाइफस्टाइल अपनाएं। सुबह थोड़ा जल्दी उठकर वर्कआउट करें।

लिफ्ट के बदले सीढियों का इस्तेमाल करें

ऑफिस में आप कहीं भी जाएं, जैसे कि कैंटीन में, दूसरे फ्लोर पर मीटिंग के लिए या फिर कलीग्स से मिलने के लिए तो लिफ्ट के बजाय सीढियों का इस्तेमाल करें। इससे आपकी पूरी बॉडी फिलेक्सीबल रहेगी और पैरों की मसल्स भी एक्टिव रहेंगी। जिन लोगों को डायबिटीज या ब्लड प्रेशर से जुड़ी कोई परेशानी होती है तो उनके लिए भी सीढिया चढना बहुत फायदेमंद होता है।

आंखों को आराम दें

लैपटॉप या डेस्कटॉप पर काम करती हैं तो हर आधे घंटे में आंखों को थोड़ा आराम दें। पलकों को बार–बार झपकाएं। ब्रेक में आंखों पर पानी मारें। ज्यादा देर तक लैपटॉप या डेस्कटॉप पर काम करने से आंखें सूखने लगती हैं जो इंफेक्शन का कारण बन सकती है।

पानी पीते रहें

शरीर के लिए पानी किसी अमृत से कम नहीं है। यह ना केवल आपको ओवरईटिंग करने के रोकता है, बल्कि वेट मेंटेन करने से शरीर की कार्यप्रणाली को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है। ऐसे में आप कोशिश करें कि आप अपनी वर्कटेबल पर पानी अवश्य रखें और हर थोड़ी–थोड़ी देर में पानी पीएं।

हल्की आवाज में गाने सुनें

जब भी आपका माइंड अपसेट हो या आपको लगे कि अब आप बैठकर काम नहीं कर पा रहे हैं तो मूड को सही करने के लिए आप हल्की आवाज में गाने सुन सकते हैं। ऐसा करने से आपका माइंड बहुत रिलेक्स होगा। साथ ही जब हम मानसिक रूप से थकने लगते हैं तो शारीरिक रूप से भी थकान होने लगती है। इसलिए यह तरीका आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

बैग में रखें हेल्दी स्नैक्स

जब बात ऑफिस की होती है तो हम सभी अपने बैग में केवल लंच पैक करके ही रखते हैं। लेकिन बीच–बीच में जब काफी भूख लगती हैं तो हम अनहेल्दी स्नैकिंग करने लग जाते हैं, जो आपकी हेल्थ को प्रभावित करता है। इसलिए आप कोशिश करें कि आप लंच के साथ–साथ अपने बैग में कुछ हेल्दी स्नैक्स भी रखें। इससे आपको हेल्दी रखने में मदद मिलती है। ऑफिस में लंच के साथ साथ फ्रूट्स और हरी सब्जियां भी लाएं।

स्ट्रेचिंग करें

आपकी चेयर आपका जिम बन सकती है। पीठ सीधी करके बैठें, फिर पैरों को धीरे–धीरे सामने की तरफ उठाएं। ये 10–10 के सेट में 3 बार करें। ध ीरे–धीरे सेट बढ़ा भी सकती हैं। जब भी चेयर से खड़े होने का मौका मिले, थोड़ा कमर को ट्विस्ट करें, स्ट्रेचिंग होती रहेगी। पैर के पंजों यानी टोज पर कुछ कुछ सेकेंड के लिए खड़ी होकर देखें। थकान दूर होगी।

चाय को करें स्विच

ऑफिस में रहते हुए हम बार–बार चाय या कॉफी का सेवन अवश्य करते हैं। इससे यकीनन काफी अच्छा लगता है। लेकिन बार–बार चाय या कॉफी का सेवन करना अच्छा नहीं माना जाता है। कैफीन की अधिकता के कारण बॉडी डिहाइड्रेट हो जाती है। इतना ही नहीं, इससे ओवर ऑल हेल्थ पर विपरीत असर पड़ता है। ऐसे में आप कोशिश करें कि आप अपनी रेग्युलर दूध वाली चाय को ग्रीन टी पर स्विच करें।

मालदीव में छुट्टियां मना रही महिमा मकवाना, लाजवाब खानों का उठा रहीं लुफ्त

बालिका वधु और अतिंमरू द फाइनल टुथ की एक्ट्रेस महिमा मकवाना हाल ही में मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी छुट्टियों के दौरान कई एक्टिविटीज कीं और तमाम लाजवाब

खानों का लुफ्त उठाया।एक्ट्रेस ने बताया, मालदीव हमेशा से खूबसूरती की वजह से मेरी लिस्ट में रहा है। मैं अलग–अलग जगहों को एक्सप्लोर करती रहती हूं। समुद्र में तैरना और कयाकिंग मेरे द्वारा अनुभव की गई सबसे अच्छी चीजों में से एक है। मैंने कुछ जापानी डिश भी आजमायी।उन्होंने आगे कहा, हालांकि मैं वहां सीमित समय के लिए थी। लेकिन मैं अगली बार यहां स्नॉर्केलिंगकरने की कोशिश करना पसंद करूंगी। अलग–अलग देशों की यात्रा करना, अलग–अलग व्यंजनों को एक्सप्लोर करना और आजमाना हमेशा बहुत सुखद होता है। मालदीव हमेशा से एक प्रसिद्ध स्थान रहा है और मुझे खुशी है कि अब मैंने इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर लिया है। मुझे लगता है कि यह एक ऐसी जगह है, जहां आप साल में कभी भी आ सकता है।

बागी के 7 साल पूरे, टाइगर श्रॉफ ने कहा, इसने मुझे उद्योग में पहचान दी

अपनी पहली फिल्म बागी के रिलीज होने के सात साल पूरे होने पर, अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने फिल्म के लिए एक दिल छू लेने वाला नोट लिखा। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने उन्हें उद्योग में एक पहचान और एक जीवन दिया है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर टाइगर ने अपनी एक तस्वीर साझा की और इस अवसर पर अपने गुरु साजिद नाडियाडवाला को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने लिखारू एक फिल्म के 7 साल जिसने मुझे उद्योग में एक पहचान और एक जीवन दिया। सभी दर्शकों और मेरे प्रशंसकों को धन्यवाद जो मुझे स्वीकार करने के लिए मेरे परिवार की तरह हैं। इस फ्रेंचाइजी के लिए खून पसीना बहाया है, लेकिन सब सार्थक हुआ। उन्होंने लिखा, और हमेशा अपने गॉडफादरध्मेंटॉर साजिदनाडियाडवाला का आभारी हूं.. मुझे एक मंच देने के लिए ताकि मैं अपनी कला दिखा सकूं। मेरे पहले निर्देशक और मेरे पसंदीदा में से एक.. आपके बिना यह संभव नहीं होता पाजी लव यू।इस बीच, टाइगर फिलहाल पूरी फिल्म टीम के साथ यूके में अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग कर रहे हैं। वह कई अन्य अघोषित फिल्मों के अलावा गणपथ की भी तैयारी कर रहे हैं।

ऋतिक रोशन ने शादी में दुल्हा–दुल्हन के साथ घुंघरू और बैंग बैंग पर किया जमकर डांस

बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन का एक शादी में दूल्हा–दुल्हन के साथ अपने गानों पर डांस करते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है। बॉली ब्लाइंड्स एन गॉसिप द्वारा रेडिट द्वारा शेयर की गई एक क्लिप में, ऋतिक ऑल– ब्लैक सूट में दुल्हा– दुल्हन के साथ स्टेज पर डांस करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने फिल्म वॉर के गाने घुंघरू और बैंग बैंग टाइटल ट्रैक पर डांस किया। उन्हें पहले दूल्हे के साथ डांस करते देखा गया और फिर बाद में दुल्हन को भी अपने साथ डांस करने के लिए कहा।वर्कफ्रंट की बात करें तो ऋतिक अगली बार फाइटर में एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर के साथ दिखाई देंगे। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है। यह 25 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में हिट होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

कैमरे पर अच्छा दिखने के लिए अपनाएं ये 5 मेकअप टिप्स, चेहरा दिखेगा बेदाग

जब भी कैमरे के सामने आने की बात आती है तो चेहरे पर मुस्कान के अलावा मेकअप करना भी जरूरी होता है। दरअसल, कैमरे पर छोटी–छोटी खामियां भी नजर आ जाती है इसलिए बेदाग और चिकने चेहरे के लिए कैमरा–रेडी मेकअप करना जरूरी होता है। इससे आपको आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मदद मिलती है। आइए आज हम आपको कैमरे पर अच्छा और खूबसूरत दिखने के लिए कुछ मेकअप टिप्स बताते हैं।

इस तरह करें मेकअप की शुरुआतः किसी भी तरह का मेकअप करने के लिए साफ और हाइड्रेटेड त्वचा बेहतरीन रहती है, न कि रूखी या तैलीय त्वचा। इस कारण कैमरा–रेडी मेकअप करने के लिए सबसे पहले अपनी त्वचा को साफ करके मॉइस्चराइज करें। इसके बाद थोड़ी देर रुकें ताकि आपकी त्वचा मॉइस्चराइजर को अच्छे से अवशोषित कर लें और फिर प्राइमर लगाएं। प्राइमर का इस्तेमाल करने से आपका फाउंडेशन त्वचा की महीन रेखाओं में नहीं जमेगा, जिससे आपको अच्छा लुक मिलेगा।

इस तरह का चुनें मेकअप उत्पादः कैमरे पर अच्छा दिखने के लिए कई लाइट्स का इस्तेमाल किया जाता है। इस कारण आपको उसी हिसाब से अपना मेकअप उत्पाद चुनना चाहिए। इसके लिए लाइट–डिफ्यूजिंग गुणों वाले फाउंडेशन और कंसीलर का इस्तेमाल करें। इनसे आपकी त्वचा की खामियां कैमरा पर कम दिखेगी। वहीं गालों और आंखों के लिए मैट ब्लश और आईशैडो का इस्तेमाल करें क्योंकि अगर आप अधिक चमकने वाला मेकअप करेंगी तो कैमरा पर आपकी त्वचा तैलीय दिखेगी।

कंसीलर और फाउंडेशन लगाएंः कैमरा–रेडी दिखने के लिए कंसीलर को ठीक से लगाना जरूरी होता है। इसके लिए कंसीलर को अपनी उंगलियों से आंखों के अंदरूनी कोनों, आंखों के नीचे के क्षेत्र और नाक पर अच्छे से लगाएं। इसके अलावा अपनी जॉलाइन पर भी कंसीलर लगाएं। कंसीलर लगाने के बाद फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। इससे आपकी त्वचा बेदाग और खूबसूरत नजर आएगी। अगर आपके फाउंडेशन का शेड हल्का है तो इन तरीकों से ठीक करें।

ऐसा करें अपना आई मेकअपः आंखें चेहरे का मुख्य फोकस होती है इसलिए कैमरा–फ्रेंडली दिखने के लिए आई मेकअप करना जरूरी होता है। इसके लिए काजल लगाएं और फिर पलकों को कर्ल करके मस्कारा लगा लें। इससे कैमरा पर आपकी आंखें बिल्कुल भी सुस्त नहीं दिखेंगी बल्कि पलकें लंबी और खूबसूरत लगेंगी। आप चाहें तो इसके लिए काला या भूरे रंग का इस्तेमाल कर सकती हैं। घर पर ही मस्कारा बनाने के लिए इन आसान तरीकों को अपनाएं। ऐसे दें अंतिम रूपः कैमरा–फ्रेंडली मेकअप के लिए आमतौर पर लगाए गए ब्लश से थोड़ा अधिक चमकीला ब्लश लगाएं। इससे कैमरा पर आपका लुक अच्छा दिखेगा। इसके अलावा होंठों पर मॉइस्चराइजर लगाकर एक हल्के रंग की मैट लिपस्टिक लगाकर अपने मेकअप को पूरा करें। इसके अलावा कैमरे पर दिखने के लिए गहरे रंग की लिपस्टिक का शेड लगाने से बचे क्योंकि यह आपको ज्यादा पार्टी लुक दे सकता है।